अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com | उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र | आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

**गाँव से गवर्नेन्स तक**



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद, आजमगढ़, अयोध्या, झांसी, अम्बेडकरनगर, एटा, औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर, जौनपुर, श्रावस्ती, उरई, जालौन, फिरोजाबाद, हरदोई, मथुरा, कानपुर, ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 209 | लखनऊ, शनिवार, 14 फरवरी 2026 | पृष्ठ: 8 | मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### बेंगलुरु के होसकोटे में हुए सड़क हादसे में सात लोगों की मौत

बेंगलुरु। बेंगलुरु के बाहरी क्षेत्र में स्थित होसकोटे तालुक के एम. सत्यवर गांव के निकट शुक्रवार सुबह हुए सड़क हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, होसकोटे से देवनहल्ली की ओर तेज रफ्तार से जा रही एक एक्सयूवी कार ने पहले एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारी। टक्कर के बाद वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया और फिर सामने से आ रहे कैंटर से भिड़ गया। हादसा इतना भीषण था कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और घटनास्थल पर ही उसमें सवार छह लोगों की मौत हो गई, जबकि बाद में एक अन्य घायल ने दम तोड़ दिया, जिससे मृतकों की संख्या सात हो गई है। कार में सवार मृतकों की पहचान अश्विन, अयान अली, भरत, अरहान, इतन जॉर्ज और गगन के रूप में हुई है।

### राहुल गांधी ने किसान नेताओं के साथ भारत-अमेरिकी व्यापार समझौते पर की चर्चा

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद भवन परिसर स्थित कार्यालय में देशभर के किसान संगठनों के नेताओं से शुक्रवार को मुलाकात की। उन्होंने बैठक में किसानों से भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर मक्का, सोयाबीन, कपास, फल और मेवा जैसी फसलों पर किसानों के पक्ष को सुना। राहुल गांधी ने कहा कि इस व्यापार समझौते से कृषि आयात के दरवाजे खुल गए हैं और जल्द ही अन्य फसलें भी इसके दायरे में आ सकती हैं। उन्होंने किसानों और खेत मजदूरों की आजीविका बचाने के लिए बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय आंदोलन की आवश्यकता पर जोर दिया।

# उप्र एसआईआर : एक करोड़ से ज्यादा मतदाताओं को नोटिस जारी

- दो घंटे बूथ पर बीएलओ के रहने के निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के तहत अब तक 1.09 करोड़ मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं। इनके फार्म में कई प्रकार की विसंगतियां पायी गई हैं। इसी क्रम में कुल 3.26 करोड़ मतदाताओं को नोटिस जारी किये जाने हैं, जिनमें 'नो मैपिंग' और 'तार्किक विसंगतियां' शामिल हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को बताया कि सुनवाई केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने और शहरी क्षेत्रों में अवकाश के दिनों में भी सुनवाई की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि 6 जनवरी को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची में 'नो मैपिंग' के 1.04 करोड़ और 'तार्किक विसंगतियों' के 2.22 करोड़ सहित कुल 3.26 करोड़ मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाने वाले हैं। इसी क्रम में अब तक लगभग 1.09 करोड़ नोटिस जारी किए जा चुके हैं। नोटिस देने के साथ साथ बीएलओ स्तर से सुनवाई की प्रक्रिया तेज कर दी गई है; मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि संबंधित सूचियां प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को उपलब्ध कराई जाएं। तहसील, पंचायत भवन, वार्ड कार्यालय जैसे सार्वजनिक स्थलों पर सूची चस्पा कराएं ताकि लोग आसानी से देख सकें। सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट और जिलेवार वेबसाइटों पर भी उपलब्ध हैं। मतदाता यहां से सूची देखने के साथ साथ डाउनलोड भी कर सकते हैं।

सीईओ ने बताया कि मतदाता सहायता केंद्रों पर बीएलओ को प्रतिदिन सुबह 10 से 12 बजे तक उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। उनका रहना अनिवार्य है। यहां फार्म-6, 7, 8 और घोषणा-पत्र उपलब्ध रहेंगे। सूची प्रदर्शित होने की ति?थि से 10 दिन के भीतर संबंधित मतदाता अपने अभिलेख या आपत्ति व्यक्तिगत रूप से या अधिकृत प्रतिनिधि के जरिये जमा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस काम में किसी भी स्तर पर लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

# सेवा तीर्थ से होगा देश का विकास : मोदी

- प्रधानमंत्री ने 'सेवा तीर्थ' परिसर का उद्घाटन किया, पीएमओ अब नए भवन से करेगा कार्य

एजेंसी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को 'सेवा तीर्थ' परिसर का उद्घाटन किया, जहां अब प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय एक साथ कार्य करेंगे।

प्रधानमंत्री ने नए परिसर में 'सेवा तीर्थ' नाम का अनावरण किया, जो भवन की दीवार पर देवनागरी लिपि में अंकित है। इसके नीचे 'नागरिक देवो भव' लिखा गया है। उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री ने परिसर में पूजा-अर्चना भी की और 'सेवा' की भावना को प्रतिबिंबित करते हुए कई महत्वपूर्ण फाइलों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर परिसर के उद्घाटन की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, ‣भारत के लोगों की सेवा करने के पक्के इरादे और नागरिक देवो भव की पवित्र भावना से प्रेरित होकर, सेवा तीर्थ विनम्रता से देश को समर्पित है। सेवा तीर्थ हमेशा कर्तव्य, करुणा और इंडिया फर्स्ट के सिद्धांत के प्रति प्रतिबद्धता का एक चमकता हुआ प्रतीक बना रहे। यह आने वाली पीढ़ियों को निःस्वार्थ सेवा और सभी की भलाई के लिए बिना थके समर्पण के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करे। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में बताया कि सेवा तीर्थ में आज उन्होंने गरीबों, वंचितों, मेहनतकश किसानों, युवा शक्ति और नारी शक्ति को मजबूत बनाने से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों पर हस्ताक्षर किए। इन निर्णयों में 'पीएम राहत योजना' की शुरुआत को मंजूरी शामिल है, जिसके तहत दुर्घटना पीड़ितों को 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इससे यह पक्का होगा कि प्रभावित किसी भी व्यक्ति को तुरंत मेडिकल मदद मिले। इसके अलावा 'लखपति दीदी' योजना का लक्ष्य दोगुना करके 6 करोड़ करने का निर्णय लिया गया है।

# राज्यसभा में उठी विचाराधीन कैदियों को मतदान अधिकार और पत्रकारों की रेल रियायत की बहाली की मांग

एजेंसी



नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र के दौरान राज्यसभा में शुक्रवार को शून्यकाल में विभिन्न दलों के सदस्यों ने चुनाव सुधार, पत्रकारों को रेल रियायत, अग्निवीर योजना, युवाओं के लिए न्यूनतम आय गारंटी और नागरिक शिष्टाचार जैसे मुद्दे उठाए।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य ईरण्ण कडाडी ने चुनाव सुधारों का मुद्दा उठाते हुए जेलों में बंद विचाराधीन कैदियों को मतदान का अधिकार देने की मांग की। उन्होंने कहा कि देश की जेलों में करीब 4.9 लाख से अधिक कैदी बंद हैं, जिनमें लगभग 77 प्रतिशत यानी 3.8 लाख से अधिक अंडर ट्रायल हैं। कानून की नजर में उनका दोष सिद्ध नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रावधानों के तहत जेल में बंद व्यक्ति को मतदान का अधिकार नहीं है, जबकि बेल या पैरोल पर बाहर आए व्यक्ति को मतदान की अनुमति है। इसके अलावा नजरबंदी में रखे गए व्यक्तियों को पोस्टल बैलेट की सुविधा प्राप्त है तथा जेल से चुनाव लड़ने की भी अनुमति है।

# यूपी ने बदली अपनी पहचान : योगी

- विधानसभा में बोले सीएम योगी- सार्थक चर्चा लोकतंत्र की ताकत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि सार्थक और सकारात्मक चर्चा ही लोकतंत्र की असली ताकत होती है। उन्होंने सदन के सभी सदस्यों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सदन में आई थीं और यह बात सभी को मालूम थी। इसके बावजूद विपक्ष का रवैया निंदनीय रहा। उन्होंने कहा कि राज्यपाल एक मातृशक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं और उनके प्रति असम्मानजनक व्यवहार पूरे सदन के लिए उचित नहीं था। योगी ने विपक्ष के आचरण पर टिप्पणी करते हुए कहा कि इस तरह के व्यवहार से उत्तर प्रदेश की छवि प्रभावित होती है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष के कुछ नेताओं के बीच आपसी मतभेद भी सार्वजनिक रूप से नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में सदन की कार्यवाही बहुत कम ही बाधित हुई है और यह सकारात्मक राजनीति का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि प्रदेश में अब संगठित अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहली बार आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश कर पारदर्शिता की दिशा में कदम बढ़ाया है, जो प्रदेश की विकास यात्रा का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि कभी उत्तर प्रदेश को 'बीमारू राज्य' कहा जाता था और यहां के युवाओं को संदेह की नजर से देखा जाता था, लेकिन अब प्रदेश ने अपनी अलग पहचान बनाई है। ''सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य अपनी पहचान के लिए मोहताज नहीं रह सकता।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में छह करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं।

### बजट सत्र : यूपी विधानसभा में बेरोजगार युवाओं का उठा मुद्दा, सरकार ने दिया जवाब

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा बजट सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान बेरोजगारों को रोजगार, आउटसोर्सिंग और नौकरी में आरक्षण का मुद्दा उठा। बिजली और सड़क हादसों में हो रही मौत का मुद्दा भी उठा। सदन में गहमा गहमी भी दिखी। इसी बीच आरक्षण के मुद्दे पर पीठ की अनुमति के बगैर सदस्यों के बोलने पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने नाराजगी जाहिर की और सदन 10 मिनट के लिए स्थगित कर दिया। उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे सपा के सदस्य अनिल प्रधान के सवाल पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के जवाब से शुरू हुई। परिवहन मंत्री ने ड्राइविंग लाइसेंस की पूरी प्रक्रिया और उसके लिए निर्धारित शुल्क के बारे में सदन में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लाइसेंस के लिए कम से 18 साल की आयु निर्धारित है।

# महाप्रबंधक ने मुरादाबाद मंडल के आलमनगर-रोजा रेलखंड का किया निरीक्षण

- काकोरी स्टेशन पर शहीद पार्क का निरीक्षण और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन
- चयनित रेलखंडों पर 121 किमी/घंटा की गति से सफल स्पीड ट्रायल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



नई दिल्ली। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने आज मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत आने वाले आलमनगर से रोजा रेलखंड का गहन निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं विनीता श्रीवास्तव, मंडल रेल प्रबंधक मुरादाबाद मंडल उपस्थित रहें। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य संरक्षा (Safety), परिचालन गुणवत्ता और यात्री सुविधाओं का जायजा लेना तथा उन्हें और अधिक सुदृढ़ करना था। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक महोदय ने आलमनगर से काकोरी, मलिहाबाद, संडीला, बालामऊ, हरदोई और रोजा सहित विभिन्न स्टेशनों, यार्डों और रेल कॉलोनियों का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने काकोरी स्टेशन पर

> ''रेलवे की प्राथमिकता संरक्षा और यात्री सुविधा है। आज का यह निरीक्षण परिचालन गुणवत्ता को और बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।''
>
> **अशोक कुमार वर्मा, महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे**

'शहीद पार्क' का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में काकोरी स्टेशन के ऐतिहासिक योगदान को याद किया और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बालामऊ में उन्होंने नई क्रू लॉबी और स्वास्थ्य इकाई (Health Unit) का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने रनिंग रूम, लेवल क्रॉसिंग (फाटकों), ब्रिजों और ट्रैक कर्व का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चयनित रेल खंडों पर 121 किमी प्रति घंटे की गति से स्पीड ट्रायल सफलतापूर्वक संपन्न किया गया, जो रेलखंड की मजबूत क्षमता को दर्शाता है। हरदोई और अन्य स्टेशनों पर गैंग, यूएसएफडी (USFD) और स्मॉल ट्रैक मशीनों का निरीक्षण किया गया। महाप्रबंधक ने ट्रैक की सुरक्षा और तकनीकी मानकों पर विशेष बल दिया। कर्मचारियों से संवादः निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने ग्राउंड स्तर पर तैनात कर्मचारियों से सीधा संवाद किया और उन्हें संरक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि रेलवे अपनी परिचालन क्षमता को आधुनिक बनाने और यात्रियों को सुरक्षित सफर देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## दो आईपीएस अधिकारियों का तबादला




लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने दो आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। पुलिस मुख्यालय से जारी किए गये पत्र के आधार पर शासन ने शुक्रवार को दो आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इनमें अपर पुलिस महानिदेशक नीलाब्जा चौधरी को सीआईडी से अपर पुलिस महानिदेशक भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड बनाया है। आशुतोष कुमार को अपर पुलिस महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड से हटाकर अपर पुलिस महानिदेशक, सीआईडी बनाया गया है।

# प्रत्येक नागरिक भारत के सतत एवं समग्र विकास में दे सकता है योगदान : राष्ट्रपति

एजेंसी



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को कहा कि देश का प्रत्येक नागरिक कर्मयोग के माध्यम से भारत के सतत और समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। राष्ट्रपति ने आज यहां ब्रह्माकुमारी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय सम्मेलन का उद्घाटन किया तथा 'कर्मयोग द्वारा सशक्त भारत' नामक राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने गुरुग्राम स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर के रजत जयंती समारोह का भी शुभारंभ किया। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि संतुलित और समग्र विकास के लिए नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिकता का भौतिक प्रगति के साथ समन्वय आवश्यक है। आर्थिक प्रगति समृद्धि को बढ़ावा देती है और तकनीकी उन्नति नवाचार, दक्षता तथा प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करती है, जो एक समृद्ध राष्ट्र की नींव रखते हैं। किंतु नैतिकता के अभाव में आर्थिक और तकनीकी विकास सामाजिक असंतुलन उत्पन्न कर सकता है।

# मुख्तार अंसारी के शूटर शोएब बॉबी की गोली मारकर हत्या, दागी गईं ताबड़तोड़ 15 गोलियां

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ/बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में शुक्रवार को कुख्यात अपराधी शोएब किदवई उर्फ बॉबी की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक घटना के समय बॉबी अपनी कार से लखनऊ से बाराबंकी जा रहा था त?भी अयोध्या राजमार्ग पर असैनी मोड पर मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने उसे नजदीक से गोली मार दी। पुलिस के अनुसार गंभीर रूप से घायल शोएब को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने कहा कि वारदात के बाद हमलावर घटनास्थल से फरार हो गए और उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार सिविल लाइंस का निवासी शोएब के खिलाफ हत्या, रंगदारी और गैंगवार से जुड़े कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# वेलेन्टाइन डे-संतमत के दृष्टिकोण से : संत राजिंदर सिंह महाराज

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। 14 फरवरी सेंट वेलेन्टाइन डे के रूप में मनाया जाता है। इसके विषय में एक कहानी प्रचलित है कि सेंट वेलेन्टाइन बच्चों से बहुत प्रेम करते थे। एक बार सेंट वेलेन्टाइन को जेल में बंद कर दिया गया और उनके चहेते बच्चे यह सहन नहीं कर पाए। इन बच्चों ने कागज़ के छोटे-छोटे टुकड़ों पर अपनी कोमल भावनाओं को अंकित किया एवं जेल की सलाखों में से उन तक पहुँचाया। कदाचित यहाँ से प्रेम से परिपूर्ण भावनाओं के आदान-प्रदान का सिलसिला आरम्भ हुआ जो अब तक समय के अनुसार कई रूप बदल चुका है। यद्यपि आज के युग में वेलेन्टाइन डे प्रेमी और प्रीतम के बीच का ही एक उत्सव रह गया है, परन्तु इसका भी एक अध्यात्मिक पहलू है। वेलेन्टाइन डे संत वेलेन्टाइन व उनके शिष्यों के बीच प्रेम का प्रतीक है, ये प्रतीक है अध्यात्मिक प्रेम का जो कि एक गुरू और शिष्य के बीच या प्रभु व भक्त के बीच होता है जो कि एक इंसान का पूरी सृष्टि व मानवता के लिये होता है। हमारा इंसान होने का परम लक्ष्य, अपने आप को जानना और परम पिता परमात्मा को पाना है, ये लक्ष्य को प्राप्त करने का साधन प्रेम ही है। सिक्खों के दसवे गुरू, गुरू गोविंद सिंह जी महाराज ने फ़रमाया हैः ''साच कहु सुन लहो सभेह, जिन्प्रेम कीयो तिन हि प्रभ पायो।'' परमात्मा प्रेम स्वरूप है, हमारी आत्मा परमात्मा की अंश होने के नाते वही सारे गुण रखती है जो परमात्मा के है, ऐसे हमारी आत्मा भी



प्रभु प्रेम का ही अंश है, और परमात्मा को पाने का रास्ता भी प्रेम का ही रास्ता है। प्रश्न यह उठता है कि यह प्रेम मिलता कहाँ से है? इस दिव्य प्रेम की किरणें एक पूर्ण महापुरूष की प्रभु प्रेम में मदमस्त आँखों से हम तक आती है, हमारी सदियों से सोई आत्मा को धीरे-धीरे जाग्रत करती हैं और चेतनता के महासागर तक की यात्रा पूर्ण करवाती है। वास्तव में स्वयं परमात्मा ही संत सतगुरू के रूप में अपने अंशों को वापिस ले जाने के लिए इस धरा पर आते हैं। संत सतगुरू इन्हें जगाने के लिए मात्र प्रेम का प्रयोग करते है।

यह सामर्थ्य केवल एक संत सतगुरू में होती है कि प्रेम का पात्र बदलकर किसी हृदय को परमार्थ की राह पर चला दे। संत सतगुरू के अनन्त प्रेम का अनुभव पाकर ही आत्मा भय, भ्रम और द्वैत की जकड़न से मुक्त हो सकती है। सदियों से संत महापुरूष प्रभु प्रेम वे गुरू प्रेम को अत्याधिक महत्ता देते आये है। ईसाई धर्म के प्रमुख संत ईसा मसीह का भी मूल संदेश, प्रेम का संदेश था। ईसा ने अपने शिष्यों को जो महान संदेश दिया उसको दो आज्ञाओं में समेट सकते हैः ''आप अपने प्रभु को पूर्ण हृदय से, पूर्ण आत्मा से तथा पूरे मन से प्यार करें।'' और अपने पड़ोसी को आप अपने जैसा प्यार करें।'' और उन्होंने स्पष्ट किया, इन दो आज्ञाओं पर ही सभी नियम और पैगम्बर आधारित होते है।

(मैथ्यू - 22:37, 39:40)

ईसा ने इन दो आज्ञाओं को केवल दिया ही नहीं, बल्कि वे इनके अनुसार जिये भी। यही संतो की सच्ची विशेषता है क्योंकि वे प्यार की प्रतिमूर्ति होते हैं।

प्रभु प्रेम है, हमारी आत्मा उस प्रेम की एक किरण है और प्रेम एक और तो प्रभु और मनुष्यों के बीच, तथा दूसरी ओर मनुष्यों तथा प्रभु की सृष्टि के बीच एक सूत्र है। प्रेम जीवन और प्रकाश के नियम की पूर्णता है।

आइये, हम सोचें कि क्या हमारे जीवन में यह प्यार झलकता है? क्या हम एक दूसरे की प्यार से सेवा करते हैं? क्या हम उनके प्रति उदार तथा सहनशील हैं, जिनके विचार हमसे भिन्न होते हैं? क्या हम प्रभु के सभी जीवों से प्यार करते हैं तथा क्या हम सबको अपना समझ कर गले लगाने के लिए तैयार हैं? क्या दलितों के प्रति हममें दया और सहानुभूति है? क्या हम बीमारों और पीड़ितों के लिए प्रार्थना करते हैं? यदि हम प्यार से नहीं रहते, तो अभी हम प्रभु से काफी दूर हैं तथा धर्म से परे हैं। यदि हम सही मायने में प्रभु से प्रेम करते हैं तो हमें यह हमें अपने आचरण में भी लाना होगा।

इस वेलेन्टाइन डे के अवसर पर क्यों न हम भौतिक प्रेम से ज्यादा आध्यात्मिक प्रेम की और ध्यान दें। अपने आप को एक प्रेम पूर्ण इंसान बनाये जो कि पूरी मानवता के प्रति, सारी सृष्टि के प्रति प्रेम व करूणा का भाव रखता है। वेलेन्टाइन डे मनाने का यही सर्वोत्तम तरीका होगा।

# विजय बहादुर पाठक ने सदन में उठाया दूषित पेयजल की आपूर्ति का मुद्दा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक ने सदन में दूषित पेयजल आपूर्ति का मुद्दा उठाया। विधान परिषद में विजय बहादुर पाठक ने राज्यभर में दूषित पेयजल की आपूर्ति की शिकायतों के त्वरित समाधान करने और अभियान चलाकर टूटी, जर्जर पानी की पाइपों को बदले जाने पर चर्चा की मांग की। सभापति कुंवर मानवेंद्र प्रताप सिंह ने इस विषय को सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए भेज दिया है। विजय बहादुर पाठक ने सूचना के तहत लिखा स्थानीय निकायों के अधिकारियों की लापरवाही के कारण स्थान-स्थान पर दूषित पेयजल के आपूर्ति के कारण स्थिति विष्फोटक हो रही है। इस मामले पर निकाय विशेष सावधानी बरतें। इन सबके बावजूद गाजियाबाद से लगातार वाराणसी तक अलग-अलग स्थानों पर दूषित पेयजल की आपूर्ति की शिकायतें आ रही है। आजमगढ़ में तो आसिफगंज मोहल्ले में लोगों के घरों में लगी टोटियों से नाले का गन्दा पानी आने की शिकायत आयी। नाली और सीवर के बीच से गुजरी पाइप लाइन में लीकेज से यह परिस्थिति बनी, यही नहीं ऐसा महीने में तीन-चार बार हो जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि लखनऊ महानगर में स्थिति और गम्भीर है। यहाँ तो बकायदा नगर निगम सदन में उपस्थित 90 में से 63 पार्षदों ने गंदा पानी का मुद्दा उठाया। जलकल की लाइनों में लिकेज के कारण ये स्थितियाँ उत्पन्न हो रही है। पानी जैसी बुनियादी जरूरत अब लोगों के लिए जानलेवा बनती जा रही है। पानी जॉच का जिम्मा मुख्यरूप से जलकल और स्वास्थ्य विभाग के हाथ में है। जॉच के बाद रिपोर्ट पर कार्यवाही होना तो दूर कई बार फर्जी रिपोर्ट के आधार पर मामले को निस्तारण कर दिया जाता है। लखनऊ के इंदिरानगर, उदयगंज के हैवल?क रोड, खदरा, जानकीपुरम विस्तार, आलमबाग के आजादनगर के नागरिक लगातार दूषित पेयजल के आपूर्ति की शिकायत कर रहे है।

# भाजपा नेताओं ने विंध्यवासिनी कुमार को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य स्वर्गीय विंध्यवासिनी कुमार के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। प्रदेश कार्यालय पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह,पूर्व मंत्री डा.रीता बहुगुणा जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी भारत दीक्षित, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल,एमएलसी अवनीश पटेल ने स्वर्गीय विंध्यवासिनी कुमार के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दिया। पार्टी नेताओं ने उनकी पुत्री जयति श्रीवास्तव को ढाढंस बंधाया। पार्टी कार्यालय पर अंतिम दर्शन के बाद उनके शव को प्रतापगढ़ अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। विदित हो कि विंध्यवासिनी कुमार का गुरूवार को निधन हो गया था। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर लिखा उनका सादा जीवन और उच्च विचार कार्यकर्ताओं के लिए मार्गदर्शन हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिजनों और समर्थकों को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## यूपी में पर्यटन विभाग की होमस्टे नीति को मिली नई उड़ान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पर्यटन बढ़ने के साथ अब आम लोगों के घर भी आय का जरिया बन रहे हैं। प्रदेश की बेड एंड ब्रेकफास्ट बीएंडबी और होमस्टेपॉलिसी-2025 के तहत लोग अपने घर के खाली कमरों को पर्यटकों को किराये पर देकर अतिरिक्त कमाई कर रहे हैं। सरकार योजना के तहत पंजीकरण, प्रशिक्षण और प्रचार जैसी सुविधाएं भी दे रही है। इससे न सिर्फ ग्रामीण पलायन रुका है, बल्कि बाहर काम कर रहे लोग अब घर वापसी कर रहे हैं और होमस्टे पॉलिसी से रोजगार कर रहे हैं। पिछले छह महीनों में होमस्टे योजना के तहत आवेदन और प्रमाणपत्र जारी होने की प्रक्रिया में उल्लेखनीय तेजी देखी गई है। फरवरी 2026 की शुरुआत तक 1700 से अधिक लोगों ने अपने घरों को होमस्टे के रूप में पंजीकृत कराने के लिए आवेदन किया, जिनमें से करीब 700 होमस्टे को आधिकारिक प्रमाणपत्र जारी किए जा चुके हैं। खास बात यह है कि जनवरी 2026 के पहले सप्ताह तक प्रमाणपत्र प्राप्त होमस्टे की संख्या केवल करीब 150 थी, जो अब बढ़कर लगभग 700 हो गई है। बहुत कम समय में प्रमाणपत्र जारी होने की संख्या में लगभग पांच गुना वृद्धि दर्ज की गई है। केवल जनवरी महीने में ही 400 से अधिक होमस्टे को प्रमाणपत्र दिए गए, जो इस योजना के तेजी से लागू होने और लोगों की बढ़ती रुचि को दर्शाता है। यह बढ़ोतरी इस बात का संकेत है कि अब आम लोग भी पर्यटन से जुड़कर अपने घरों को आय का नया स्रोत बना रहे हैं।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन तेजी से बढ़ रहा है। बढ़ती पर्यटकों की संख्या को देखते हुए बेड एंड ब्रेकफास्ट योजना के तहत 1 लाख से अधिक कमरों की व्यवस्था करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को घर के पास ही रोजगार मिल रहा है और उनकी आय बढ़ रही है।ङ्कअपर मुख्य सचिव, पर्यटन संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग, अमृत अभिजात ने कहा,ल्ययह योजना आम परिवारों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए शुरू की गई है। जिन लोगों के पास अतिरिक्त कमरे हैं, वे अब उन्हें पर्यटकों को देकर नियमित आय प्राप्त कर सकते हैं। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ रहा है और लोगों को बाहर जाने की जरूरत कम हो रही है।

## महिलाओं समेत पांच लोगों को कुचलने वाला कार सवार युवक गिरफ्तार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में गुरुवार को दो महिलाओं समेत पांच लोगों को कुचलने वाले कार सवार युवक गौरव सिंह को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उसके खिलाफ कनूनी कार्रवाई में जुट गई है । पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) निपुण अग्रवाल ने शुक्रवार को बताया कि बंथरा थाना क्षेत्र में देर रात को एक सूचना मिली कि कानपुर हाइवे पर बेकाबू एक कार ने कुछ लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में अरमान, अवध बिहारी, संजय पटेल की पत्नी साधना, बेटा दीक्षांत (06) और मीना देवी घायल हो गई। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने दीक्षांत को मृत घोषित कर दिया। इस मामले में बंथरा थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने चालक गौरव सिंह को गिरफ्तार कर कार को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

# जगमग हुए गांव, उद्यमों ने पकड़ी रफ्तार

- डीडीयूजीजेवाई और सौभाग्य योजना से हर गांव का विद्युतीकरण
- ग्रामीण बिजली आपूर्ति से कृषि, डेयरी, कुटीर उद्योग और स्वरोजगार को मिला बढ़ावा
- लाइन अपग्रेडेशन, ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि और स्मार्ट मीटरिंग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। वर्ष 2017 से पहले बिजली की किल्लत से जूझ रहे उत्तर प्रदेश के गांव अब जगमगा रहे हैं। योगी सरकार ने ग्रामीण विद्युतीकरण को विकास की बुनियाद बनाया और योजनाबद्ध तरीके से हर घर तक बिजली पहुंचाने का लक्ष्य पूरा किया है। घर-घर बिजली कनेक्शन सुनिश्चित किया जा चुका है। प्रदेश सरकार के बजट 2026-27 में बिजली क्षेत्र को 65,926 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पारेषण और वितरण नेटवर्क को मजबूत किया गया है। जर्जर लाइनों को बदला गया और नए उपकेंद्र स्थापित किए गए हैं। 'प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना' के जरिए लाखों परिवारों को मुफ्त बिजली कनेक्शन दिए गए। इससे ग्रामीण जीवन की तस्वीर बदलती दिख रही है। अब गांवों में न केवल घरेलू रोशनी बल्कि कृषि और लघु उद्योगों को भी निर्बाध बिजली मिल रही है। गांवों में वितरण तंत्र को और सुदृढ़ किया जा रहा है। पुराने कंडक्टर बदले जा रहे हैं, लो टेंशन एबी केबल बिछाई जा रही हैं और ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जा रही है। स्मार्ट मीटरिंग को भी तेजी से लागू किया जा रहा है जिससे कि बिजली चोरी पर अंकुश लगे और आपूर्ति की गुणवत्ता बेहतर हो। इन कदमों से ग्रामीण क्षेत्रों में लो वोल्टेज की समस्या में कमी आई है और उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली मिल रही है।ग्रामीण विद्युतीकरण का सीधा लाभ खेती और स्वरोजगार के क्षेत्र में मिल रहा है। सिंचाई के लिए विद्युत आपूर्ति बेहतर होने से फसल उत्पादन में वृद्धि हुई है। डेयरी, कोल्ड स्टोरेज, आटा चक्की, वेल्डिंग और अन्य छोटे व्यवसायों को निरंतर बिजली मिलने से गांवों में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में भी सुधार देखा जा रहा है, क्योंकि विद्यालय और स्वास्थ्य केंद्रों को अब बिजली की कमी से जूझना नहीं पड़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई बार कहा है कि सबका साथ सबका विकास की अवधारणा तभी साकार होगी जब गांव मजबूत होंगे। ग्रामीण उत्तर प्रदेश को ऊर्जा संपन्न बनाकर सरकार ने विकास की नई आधारशिला रखी है। विशेषज्ञों का मानना है कि मजबूत बिजली ढांचा प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को दीर्घकाल में और अधिक सशक्त करेगा।वित्त वर्ष 2025-26 में दिसंबर 2025 तक प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में औसतन 20 घंटे, तहसील मुख्यालयों पर औसतन 22 घंटे और जनपद मुख्यालयों पर 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। प्रदेश में एक अप्रैल, 2022 से वर्ष 2025-26 तक कुल 2,410 नए 33ध्11 केवी विद्युत उपकेंद्रों का निर्माण एवं क्षमता वृद्धि की गई है। 20,924 नए वितरण ट्रांसफार्मर्स की स्थापना और 85,684 ट्रांसफार्मरों की क्षमतावृद्धि का कार्य किया गया है।

## प्रदेशभर में आज मनरेगा बचाओ पदयात्रा निकाल रही कांग्रेस

लखनऊ। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से आज प्रदेशभर में मनरेगा बचाओ पदयात्रा निकाल रही है। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में पार्टी के वरिष्ठ नेता पदयात्रा में शामिल होंगे। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय लखनऊ में काकोरी शहीद स्मारक पहुंच कर वीर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर पदयात्रा की शुरूआत करेंगे। कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मनरेगा कभी समाप्त नहीं हो सकती। ग्रामीण क्षेत्रों के मजदूरों के आर्थिक और सामाजिक हक की इस लड़ाई को हम अंतिम समय तक लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी तरह प्रतिबद्ध है कि केन्द्र की मोदी सरकार के इस संवेदनहीनता एवं जनविरोधी नीति के खिलाफ सड़क से सदन तक लड़ाई लड़कर योजना को बहाल करायेंगे।

## गुम नहीं गिरफ्तार हुए सपा प्रवक्ता, बाराबंकी पुलिस ने मनोज यादव को दबोचा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज यादव को लेकर पिछले 48 घंटों से चल रहा सस्पेंस आखिरकार खत्म हो गया है। जिसे लखनऊ पुलिस और परिजन श्लापताश समझकर तलाश रहे थे, उन्हें बाराबंकी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मनोज यादव को उनके साथियों के साथ सफदरगंज इलाके से हिरासत में लिया गया। मनोज यादव मंगलवार को काकोरी में एक तिलक समारोह में शामिल होने गए थे। वहां से निकलने के बाद उनका मोबाइल बंद हो गया और वे घर नहीं पहुंचे। परेशान परिवार ने लखनऊ के गोमती नगर विस्तार थाने में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस सीसीटीवी और लोकेशन खंगाल रही थी, तभी बाराबंकी पुलिस की इस कार्रवाई ने सबको चौंका दिया। बाराबंकी पुलिस के अनुसार, मनोज यादव उर्फ बबलू के खिलाफ सफदरगंज थाने में 11 फरवरी को एक मुकदमा (मु0अ0सं0 50/26) दर्ज हुआ था। उन पर आरोप है कि उन्होंने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया (एससी-एसटी एक्ट)। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस इसी मामले में उनकी तलाश कर रही थी और बुधवार को उन्हें सफदरगंज इलाके से दबोच लिया गया। गिरफ्तारी के बाद सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। मनोज यादव का बड़ागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल परीक्षण कराया गया। इसके तुरंत बाद पुलिस की एक विशेष टीम उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच लखनऊ लेकर रवाना हो गई।

# विपक्ष का काम केवल आलोचना, बजट पढते तो देते धन्यवादः केशव

- जीरामजी से होगा ग्रामीण क्षेत्रों का चहुँमुखी विकास
- विधानसभा सत्र देखने आईं छात्राओं से उप मुख्यमंत्री ने किया संवाद,दिया तरक्की मंत्र

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज प्रदेश के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट प्रदेश के समग्र और संतुलित विकास का मार्ग प्रशस्त करने वाला है। उन्होंने कहा कि बजट से प्रदेश का विकास हुआ है और निरंतर होता रहेगा। सरकार का लक्ष्य गांव, गरीब, किसान, युवा, महिला और व्यापारी,सभी वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में आधारभूत संरचना, ग्रामीण संपर्क मार्ग, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, रोजगार सृजन और महिला सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक प्रावधान किए गए हैं। यह बजट आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज विधानसभा की कार्यवाही देखने पहुंचीं छात्राओं से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा हमारी बेटियां कल का भविष्य हैं। जब वे शिक्षित और जागरूक होंगी, तभी एक सशक्त और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश का सपना साकार होगा। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष का काम केवल सरकार की आलोचना करना रह गया है। यदि वे बजट को गंभीरता से पढ़ लें और उसके प्रावधानों को समझ लें, तो उन्हें इसकी सराहना करनी पड़ेगी। मनरेगा अभियान पूरी तरह खोखला साबित हुआ है। महात्मा गॉधी के नाम पर मनरेगा में हो रही लूट को बन्द करने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। पूर्ववर्ती सरकारों में योजनाएं केवल कागजों तक सीमित रहती थीं, जबकि वर्तमान सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अब विकास योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि ल्लजी-राम-जीङ्क गरीब, जवान, किसान के सशक्तिकरण से गांवों का चहुमुखी विकास सुनिश्चित होगा और प्रदेश में खुशहाली आएगी। ग्रामीण सड़कों, आवास, पेयजल, विद्युत आपूर्ति और स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से गांव आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

## कार से 6 लोगों को कुचलने वाले आरोपी छात्र को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बंथरा इलाके में हनुमान मंदिर के पास एक अज्ञात कार ने ऑटोरिक्शा और पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी। इस घटना में छह साल के बच्चे की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, बंथरा थाने को बृहस्पतिवार शाम करीब छह बजे हादसे की जानकारी मिली, जिसके बाद स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच में पता चला है कि एक अज्ञात कार ने एक ऑटो रिक्शा और सड़क पर चल रहे लोगों को टक्कर मारी। पुलिस ने बृहस्पतिवार रात बताया कि घायलों की पहचान अरमान (12), अवध बिहारी (42), साधना वर्मा (35), मीना देवी (60) और दीक्षांत पटेल (छह) के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। दीक्षांत की हालत गंभीर थी, इसलिए उसे दूसरे अस्पताल में रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। पीड़ितों के परिवारों को सूचित कर दिया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त (कृष्णा नगर) रजनीश वर्मा ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस ने घटना में शामिल कार के चालक को हिरासत में ले लिया है तथा लापरवाही से गाड़ी चलाने और सार्वजनिक जगहों पर दूसरों की जान खतरे में डालने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी 21 साल का 12वीं कक्षा का छात्र है। वह और उसके चार दोस्त कार में थे और वे एक समारोह से लौट रहे थे। पुलिस ने कहा कि आरोपी के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस है और उसने अपने दोस्त से एक दिन के लिए कार उधार ली थी।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी सपा में हो सकते हैं शामिल, अटकलों पर लगेगा विराम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। कंाग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने वाले पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन रहे नसीमुद्दीन जल्द ही समाजवादी पार्टी में शामिल हो सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी के साथ कई पूर्व विधायक भी सपा में शामिल हो सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि 15 फरवरी को नसीमुद्दीन सिद्दीकी समाजवादी पार्टी में औपचारिक रूप से शामिल हो सकते हैं। इस दौरान वह सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। सपा में शामिल होने की चर्चाओं ने प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। माना जा रहा है कि नसीमुद्दीन सिद्दीकी के सपा में आने से कई राजनीतिक दलों और नेताओं की मुश्किलें बढ़ सकती हैं, खासकर उन क्षेत्रों में जहां उनका खासा प्रभाव रहा है। सूत्र यह भी संकेत दे रहे हैं कि अपना दल (एस) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के भी समाजवादी पार्टी में शामिल होने की संभावना है।

# नवयुग में भव्य अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेंद्र नगर लखनऊ के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफ़ेसर मंजुला उपाध्याय की अध्यक्षता में एवं प्रबंधक विजय दयाल के संरक्षकत्व में रसायन शास्त्र विभाग की सहायक आचार्य डॉक्टर नेहा अग्रवाल के संयोजकत्व में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन ''ब्रीजिंग डिसप्लींस थ्रू केमिकल साइंस फार ए सस्टेनेबल फ्यूचर-2026''हाईब्रिड मोड सेआयोजित हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं प्राचार्या के द्वारा सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ प्रारंभ हुआ।सभी अतिथियों का सम्मान अंगवस्त्रम ,स्मृति चिन्ह, पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक पौधा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ ईश मंगलाचरण से किया गया। मुस्कान मिश्रा बी ए द्वितीय सत्र ने दीप प्रज्जवलन मंत्र एवं सरस्वती गीत प्रस्तुत किया । महाविद्यालय प्राचार्या प्रोफ़ेसर मंजुला उपाध्याय द्वारा स्वागत भाषण किया गया एवं सेमिनार संयोजिका डॉ नेहा अग्रवाल द्वारा विषय प्रवर्तन किया गया।उद्घाटन सत्र मे कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के प्रोफ़ेसर जे.पी. सैनी की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि माननीय श्री सुनील कुमार शर्मा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार विशिष्ट अतिथि प्रोफ़ेसर राजकुमार मित्तल कुलपति बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ एवं अन्तर्राष्ट्रीय मुख्य वक्ता प्रोफ़ेसर श्रीकांथ बी. जोनालगड्डा डरबन दक्षिण अफ्रीका की सराहनीय उपस्थिति में प्रारंभ हुआ । मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा-कि सतत विकास में रासायनिक विज्ञान की सबसे बड़ी भूमिका पर्यावरण अनुकूल तकनीकों , हरित रसायन, नवीकरणीय ऊर्जा और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के माध्यम से प्रदूषण को कम करना है । विज्ञान मानव जीवन को सुगम बनाता है जब से मनुष्य का जीवन आरंभ हुआ है तब से रसायन विज्ञान भी हमारे अस्तित्व के साथ है लेकिन इसके दुष्प्रभाव से कैसे बचा जाए इस सेमिनार में इस पर विचार मंथन होना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि प्रोफ़ेसर मित्तल ने अपने उद्बोधन में कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के बिना आर्थिक प्रगति संभव नहीं है सतत विकास के लिए रसायन विज्ञान अन्य सभी विषयों पर निर्भर है समाज में सामाजिक समरसता हो जाति-पांत सभी भेदभाव दूर हो तभी भारत का विकास समावेशी हो पाएगा। पर्यावरण की दृष्टि से भी प्रकृति के साथ तालमेल बहुत आवश्यक है। रासायनिक विज्ञान सौर ऊर्जा, हाइड्रोजन ईंधन, उन्नत बैटरियों और ऊर्जा भंडारण तकनीकों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में सहायक है।अंतर्राष्ट्रीय मुख्य वक्ता प्रोफ़ेसर जोनाल गड्ढा एमेरिटस प्रोफ़ेसर स्कूल आफ केमेस्ट्री एंड फिजिक्स युनिवर्सिटी आफ क्वाजुलु - नटाल दक्षिण अफ्रीका ने अपने व्याख्यान में कहा कि विज्ञान विकास का वह सशक्त आधार है जहां से सभी विचार जन्म लेते हैं रसायन विज्ञान के जीवन के हर पहलू से जुड़ा हुआ है । डॉ नेहा अग्रवाल द्वारा संपादित दो पुस्तकों का तथा डॉ सुनीता सिंह द्वारा संपादित दो पुस्तकों का और प्रोफ़ेसर सीमा पांडे द्वारा संपादित एक पुस्तक तथा सोवेनियर का विमोचन अतिथि गणों द्वारा किया गया।उद्घाटन सत्र में धन्यवाद ज्ञापन आई .क्यू .ए .सी समन्विका प्रोफ़ेसर संगीता कोतवाल द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र का संचालन विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र डॉ विनीता सिंह द्वारा किया गया।

उद्घाटन सत्र के बाद द्वितीय सत्र में पैनल डिस्कशन डॉ सुखमनी के संचालन में प्रारंभ हुआ ।इस सत्र में पैनलिस्ट रूप में जियोलॉजी विभागाध्यक्ष लखनऊ विश्वविद्यालय केप्रोफ़ेसर ध्रुवसेन सिंह, सेवानिवृत्त प्रोफ़ेसर अंग्रेजी विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय निशी पांडे, डॉ दीपा एच द्विवेदी ,बी .बी. ए. यू . लखनऊ विश्वविद्यालय से डॉ मनीषा शुक्ला,ए.सी. टी सचिव प्रोफ़ेसर रमेश यामगार मुंबई आद उपस्थित रहे। सभी लोगों ने सस्टेनेबल डेवलपमेंट पर विचार व्यक्त किया और इस बात पर जोर देते हुए कहा कि प्रकृति का संरक्षण करते हुए आर्थिक और सामाजिक विकास करना चाहिए संसाधनों का उपयोग समझदारी से करना चाहिए।

इसमें साथ में आनलाईन तकनीकी सत्र का तथा आफलाइन सत्र का भी संचालन किया गया। क्षेत्रीय अधिकारी उच्च शिक्षा प्रोफ़ेसर अश्विनी मिश्र,अमरकंटक विश्वविद्यालय से प्रोफ़ेसर शिवकुमार, प्रोफ़ेसर देवेंद्र सिंह अंबेडकर नगर, डॉ अभिषेक अवस्थी मध्यप्रदेश से अवध गर्ल्स पी जी कालेज की प्राचार्य प्रोफ़ेसर उपमा चतुर्वेदी आदि विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। तृतीय सत्र में अन्तर्राष्ट्रीय मुख्य वक्ता श्रीकांथ बाबू जोनालगड्डा द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन से 'ग्रीन केमिस्ट्री और स्थिरता 'विषय को रखा गया। उन्होंने कहा कि रसायन विज्ञान की जिम्मेदारी है कि पर्यावरण संरक्षण के अनुकूल समाधान की दिशा में सतत अनुसंधान करें। चतुर्थ सत्र में अन्तर्राष्ट्रीय वक्ता आफीसर वेस्ट बंगाल एजूकेशन सर्विस सिंगूर डॉ अमृत कृष्णा मित्रा तथा दूसरे अन्तर्राष्ट्रीय वक्ता प्रोफ़ेसर सुरेंद्र प्रसाद युनिवर्सिटी आफ साउथ पैसिफिक सुवा फिजी से उपस्थित रहें तथा संबंधित विषय पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। डॉ ए के सक्सेना चेयरमैन जी.आई.पी.ई. आर पूर्व डीन एन.आई.पी .ई. आर ने 'औषधि डिजाइन की रणनीतियां : खोज से विकास तक की यात्रा पर 'आधारित केस स्टडीज सांझा की । विभिन्न सत्रों का संचालन विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया तथा दो सौ के लगभग आनलाईन आफलाइन शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण शोधार्थियों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर देश विदेश के विषय विशेषज्ञ तथा विश्वविद्यालय एवं विभिन्न महाविद्यालयों की सम्मानित प्रवक्ताएं शोध छात्र- छात्राएं बड़ी संख्या में आनलाइन आफलाइन उपस्थित रहें।प्रथम दिवस के सभी सत्रों का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ और समापन राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत से किया गया।

# खबर का असर-दिव्यांग जनों को सौगात, स्टेशन परिसर में बनेगी रैंप व लगेगी लिफ्ट



■ उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने बालामऊ जंक्शन का किया स्थलीय निरीक्षण अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** दिव्यांग जनों की समस्या को राष्ट्रीय प्रस्तावना द्वारा प्रमुखता से उठाने के बाद समस्या को गंभीरता से लेते हुए उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने शुक्रवार को बालामऊ जंक्शन का स्थलीय निरीक्षण किया! इस दौरान मुरादाबाद मंडल की डीआरएम बबीता श्रीवास्तव समेत अन्य सम्बंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए!

पिछले कई महीनो से दिव्यांगजन अपनी मांग को दोहराते हुए प्लेटफार्म पर जाने के लिए कोई रैंप या लिफ्ट न होने की शिकायत की! दिव्यांगों की माँग को गंभीरता से लेते हुए जीएम ने तत्काल सीढ़ियों के साथ रैंप तथा प्लेटफार्म पर लिफ्ट लगवाने के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए! इसके साथ ही रेल यात्रियों की सुगमता के लिए जीएम ने मुख्य रेल भवन के निकट प्लेटफार्म बनाने के अधिकारियों को निर्देश दिए! स्पेशल ट्रेन से पहुंच कर बालामऊ जंक्शन के मॉडलिंग कार्यों को परखा! बालामऊ जंक्शन के नवनिर्मित रेलवे स्टेशन भवन समेत यार्ड के कार्यों व उनकी गुणवत्ता को भी देखा! इस मौके पर दैनिक रेल यात्रियों में रमन सिंह वीरेंद्र शुक्ला संजय त्रिपाठी दीपू शुक्ला विनीत लाला नवनीत कुमार सहित कई यात्रियों ने आधा दर्जन से अधिक ट्रेनों के ठहराव की मांग की! इस मौके पर किसान यूनियन के कई पदाधिकारीयों ने बालामऊ जंक्शन समेत बघौली स्टेशन पर कोरोना काल से बंद चली आ रही ट्रेनों के ठहराव की मांग उठाई! स्थानीय लोगों द्वारा रेलवे फाटक 258 पर ओवर ब्रिज बनवाने की मांग दोहराई! जिस पर जीएम ने कहा कि प्रत्येक वर्ष रेलवे लगभग एक सैकड़ा से अधिक क्रासिंगों को बंद कर आरयूबी अथवा आरओबी का निर्माण करवा रहा है! जिसमें यह स्टेशन भी प्राथमिकता में है शीघ्र हीं





आवश्यक कदम उठाए जाएंगे! मुख्य रेलवे भवन की दीवारों पर आई सीलन को देखकर कड़ी नाराजगी जताई व अन्य व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त करने के दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए!

## बुजुर्ग की हत्या का हुआ खुलासा, अभियुक्त गिरफ्तार





राष्ट्रीय प्रस्तावना

**सण्डीला ( हरदोई )।** थाना संडीला क्षेत्र के ग्राम मीतौ में एक बुजुर्ग की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए मां-बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त ईंट भी बरामद की है। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी सुबोध कुमार गौतम के अनुसार 11 फरवरी 2026 को रंजीत पुत्र हुकुम सिंह ने सूचना दी कि उनके पिता हुकुम सिंह गांव के किनारे स्थित खेत में बने छप्पर में सो रहे थे। सुबह चारपाई पर वे मृत अवस्था में मिले और उनके सिर पर चोट के निशान थे। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस व अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की और साक्ष्य संकलन कराया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

वादी की तहरीर के आधार पर थाना संडीला में मु0अ0सं0 50/26 धारा 103(1) बीएनएस के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने गांव निवासी अमन पुत्र रामकुमार और उसकी मां जमुना देवी पत्नी रामकुमार को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में अमन ने बताया कि मृतक का उसकी मां से प्रेम प्रसंग चल रहा था। घटना वाले दिन दोनों को साथ देखकर उसने विरोध किया और गुस्से में ईंट से वार कर हत्या कर दी। इसके बाद दोनों घर चले गए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त ईंट बरामद कर ली है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है। थाना संडीला पुलिस टीम की तत्परता से घटना का शीघ्र खुलासा होने पर स्थानीय लोगों ने सराहना की है।

## औड़ेरी गांव में जेसीबी मशीन से हो रहा खनन, मंझिला पुलिस ने पकड़कर ट्रैक्टर ट्राली छोड़ी

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**शाहाबाद ( हरदोई )।** मंझिला थाना क्षेत्र में बालू और मिट्टी खनन के कारोबारी पुलिस और खनन विभाग की मिली भगत के चलते दिन के वक्त धड़ल्ले से जेसीबी मशीन से खुदाई कर रहे हैं और प्रशासनिक व्यवस्था को चैलेंज करते हुए भरे बाजार में मिट्टी डाल रहे हैं। शिकायत पर पहुंची पुलिस ने मिट्टी लदी ट्राली को पकड़ा और मिट्टी माफिया से बातचीत होने के बाद मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली को छोड़ दिया। पुलिस द्वारा पकड़े गए इस मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली का वीडियो किसी ने बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। मंझिला थाना क्षेत्र के औड़ेरी गांव में दिन के वक्त खनन किया जा रहा है। जेसीबी मशीन से मिट्टी का खनन दिनदहाड़े करने के बाद डिघिया बाजार में इस मिट्टी को ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। मंझिला पुलिस को मिट्टी खनन की शिकायत की गई। आनन फानन में पुलिस दौड़ती हुई तो गई लेकिन मिट्टी माफिया से बात हो जाने के बाद पुलिसकर्मियों ने उस मिट्टी लदी ट्राली को छोड़ दिया। वीडियो में देख सकते हैं कि पुलिसकर्मी ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ कर जांच कर रहे हैं लेकिन थोड़ी देर बाद यह मिट्टी लदी ट्राली चली गई और फिर से धड़ल्ले से काम होने लगा। इससे स्पष्ट होता है कि खनिज विभाग और मंझिला पुलिस पूरी तरह से मिट्टी माफिया से सांठ-गांठ कर रखी है।

## फरार अभियुक्त के खिलाफ धारा 84 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई, घर पर कराई गई मुनादी



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**बघौली ( हरदोई )।** आपको बताते चले थाना बघौली पुलिस ने लगातार फरार चल रहे एक अभियुक्त के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर धारा 84 बीएनएसएस के तहत उद्घोषणा (Proclamation) की कार्रवाई की है।

प्रेस नोट के अनुसार, पुलिस अधीक्षक हरदोई के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) व क्षेत्राधिकारी बघौली के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बघौली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 74/2025 धारा 108 बीएनएसएस से संबंधित मामले में नामजद अभियुक्त मनीष कुमार पुत्र दलवीर निवासी ग्राम महमूदपुर थाना बिलग्राम जनपद हरदोई लगातार फरार चल रहा था। पुलिस द्वारा पूर्व में न्यायालय से नॉन-बेलेबल वारंट प्राप्त किया गया था, लेकिन अभियुक्त गिरफ्तारी से बचता रहा। इसके बाद न्यायालय द्वारा धारा 84 बीएनएसएस के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया। नोटिस के अनुपालन में पुलिस टीम ने अभियुक्त के घर पहुंचकर नियमानुसार मुनादी कर उद्घोषणा की कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए वैधानिक कार्रवाई जारी है। उद्घोषणा की कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक बघौली बृजेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा की गई।

## आगामी त्यौहार के दृष्टिगत डीएम, एसपी ने की बैठक

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में आगामी 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के सम्बन्ध मे बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने बैठक मे निर्देश दिये कि शिवालयों पर आने वाले श्रद्धालुओं व कांवड़ियों को किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए व्यवस्थाओं को पुख्ता कर लिया जाये। उन्होंने मंदिर मार्गों पर साफ-सफाई, पानी का छिड़काव, बिजली के तारों को ऊपर कराने व पथ-प्रकाश की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंशा नाथ मन्दिर, सुनाशी नाथ मन्दिर, सकाहा मन्दिर मंदिर में काफी श्रद्धालु व कावंड़िया आते है, ऐसे में इन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए मंदिर के पास मोबाइल टॉयलेट, मंदिर मार्ग पर पानी के टेंकर से छिड़काव आदि की व्यवस्था बेहतर रहनी चाहिए। निरतंर सफाई टीम तैनात करने के लिए नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि पर बिजली सप्लाई बाधित नहीं रहनी चाहिए। मंदिर मार्ग पर अगर कहीं तारों की उंचाई कम है तो वहां बिजली के तारों को ऊपर कराया जाए। इसके अलावा पथ-प्रकाश की व्यवस्था में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आगामी समय में रमजान, होली का पर्व है, इसके दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक कर ली जायें, तथा सभी त्योहार आपसी भाईचारा के साथ मनाये। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जायेगी तथा अफवाह फैलाने वालों और अराजक तत्वों के विरूद्व कठोर कार्यवाही की जायेगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0रा0 प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक सुबोध कुमार गौतक सहित सभी क्षेत्राधिकारी व सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे हुई जीरो फैटेलिटी डिस्ट्रिक्ट योजना की बैठक

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में परिवहन विभाग द्वारा संचालित जीरो फैटेलिटी डिस्ट्रिक्ट योजना के तहत सेव लाइफ फाउंडेशन द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर जनपद में जीरो मृत्यु कार्ययोजना तैयार करने तथा कार्ययोजना के कुशल कियान्वयन के सम्बन्ध मे बैठक की गयी। उन्होंने बैठक मे चिन्हित प्रमुख कारिडोरों का स्थलीय निरीक्षण करने तथा 14 फरवरी तक एक कारिडोर का निरीक्षण करते हुये आख्या उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने चौराहों का रिडिजाइनिगं करने हेतु चर्चा की ताकि वहां यातायात सुगम हो, और दुर्घटनायें कम हो। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, पुलिस आदि अपनी कार्य योजना बनाकर यथाशीघ्र उपलब्ध करा दे। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना के कुशल संचालन एवं संसाधनों की पूर्ति हेतु आवश्यक बजट का प्रस्ताव भी तैयार किया जाय। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0रा0 प्रियंका सिंह, एआरटीओं अरविंद कुमार सिंह, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम व सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## आधा दर्जन नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी हुई दर्ज

**हरपालपुर ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** ग्राम बड़ागांव निवासी आदेश कुमार ने आरोप लगाया है कि प्रशासन द्वारा उन्हें ग्राम खसौरा में आवंटित गाटा संख्या 1948 पर लगी लोहे की जाली और पाइप को गांव के ही अनिल, पवन, मनसुख व अन्य ने उखाड़कर चोरी कर लिया। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने मौके पर लगे सीमेंट के पोल भी तोड़ दिए और जमीन पर पुनः कब्जे का प्रयास कर रहे हैं। इस घटना में करीब 1.5 लाख रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आधा दर्जन नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महिला पर सियार ने किया हमला

**हरपालपुर ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** पकरी गांव में शुक्रवार को घर के बाहर कपड़े धो रही एक महिला पर सियार ने अचानक हमला कर दिया। हमले में गांव निवासी रामदेवी पत्नी रामपाल गंभीर रूप से घायल हो गईं। शोर सुनकर दौड़े परिजनों ने उन्हें आनन-फानन में हरपालपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहाँ उनका उपचार जारी है।

## किसान पर मधुमक्खियों के झुण्ड ने किया हमला, हालत गम्भीर

**हरपालपुर ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** सांडी थाना क्षेत्र के ग्राम धरहर में गुरुवार शाम खेत पर काम कर रहे नरसिंह (49) पर मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। हमले में किसान बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। आनन-फानन में ग्रामीणों और परिजनों ने उन्हें हरपालपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करायाए जहाँ उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। डॉक्टरों द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

## तीन दिन से लापता किशोरी का सुराग नहीं, पीड़ित पिता ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र से एक गांव 11 फरवरी को सुबह ०4:00 बजे एक किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पीड़ित पिता ने पुलिस पर लापरवाही करने का आरोप लगाते हुए अपने पुत्री के साथ अनहोनी घटना की आशंका व्यक्त की है। पीड़ित पिता के अनुसार 11 फरवरी को उसकी 11 वर्षीय पुत्री को दीपू व गणेश पुत्रगण गुलाब तथा विपक्षी के साढ़ू का लड़का निवासी सिकंदरपुर कल्लू सुबह ०4:00 बजे बहला-फुसलाकर भगा ले गए हैं। आरोप है कि किशोरी अपने साथ रूपये 15000 की नगदी और एक लाख का जेवर लेकर गई है। पीड़ित पिता ने शुक्रवार को बताया उसने नामजद रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। लेकिन कोतवाली पुलिस द्वारा अभी तक उसकी बेटी को तलाश नहीं किया गया है। उल्टा दरोगा उससे ही कह रहे हैं कि अपनी बेटी को खुद तलाश करके लाओ। पीड़ित पिता को अपनी बेटी के साथ अनहोनी की आशंका है।

# पुलवामा हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

■ विद्यालय से निकला मार्च पास्ट





राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा, एवं मार्च पास्ट का आयोजन शहर के सबसे पुराने अंग्रेजी माध्यम के असेंबली ऑफ़ गॉड हायर सेकेंडरी स्कूल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रांगण में शहीदों की तस्वीरों पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर की गई। छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं नगरवासियों ने देशभक्ति गीतों और नारों के साथ शहीदों को नमन किया और उनको कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद विद्यालय द्वारा एक भव्य मार्च पास्ट निकाला गया, जिसे नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मार्च डी0एम0 चौराहे से शुरू होकर कलेक्टर हाउस हाउस से सीडीओ बंगला, पुलिस लाइन तिराहा, बालाजी हॉस्पिटल रोड, सिनेमा चौराहा तथा सोल्जर बोर्ड चौराहा होते नुमाइश चौराहा होते हुए पुनः विद्यालय प्रांगण में समाप्त हुआ यातायात की व्यवस्था पुलिस प्रशासन द्वारा सुचारू रूप से संभाली गई। मार्च के दौरान पुलिस कर्मियों का योगदान भी रहा, विद्यार्थियों ने 'शहीदों का बलिदान, याद रखेगा हिंदुस्तान' जैसे देशभक्ति नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। नगर मजिस्ट्रेट ने छात्रों के अनुशासन और देशभक्ति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में राष्ट्रप्रेम और कर्तव्य भावना को मजबूत करते हैं। विद्यालय की प्रबन्धक रंजना सैम्युल ने बताया कि शहीदों के सम्मान में इस प्रकार के कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि नई पीढ़ी उनके बलिदान से प्रेरणा ले सके। इस श्रद्धांजलि सभा के चीफगेस्ट अनुराग सिंह, अजय कुमार एडवोकेट सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली, प्रधानाचार्या निकिता सैमअल कोऑर्डिनेटर मानवी सैमुअल और विद्यालय के समस्त अध्यापक अध्यापिकाएं मौजूद रहे। कार्यक्रम भी आयोजित किए गए थे जिनमे प्रमुख रूप से अनुपमा उपाध्याय, आयशा खान, फहीम खान, कल्याणी सिंह, जिया खान ने अपने कार्यक्रमो से सबको एक बार पुलवामा के शहीदों की याद दिला दी।

## कलाकारो ने किया सबरी मिलन की लीला का मंचन





राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** भगवान श्री रामचंद्र जी के चरित्र में वृंदावन से आए हुए सुन्दर कलाकारों द्वारा सुग्रीव मित्रता, सीता खोज, सबरी मिलन की लीला का मंचन हुआ, प्रभु श्री राम जी सीता माता को ढूंढते हुए आगे चले तो माता सबरी से उनका मिलन हुआ राम जी ने नवदा भक्ति का सुंदर पाठ सुनाया और आगे चले, तो ऋषिमूक पर्वत पर सुग्रीव से हनुमान जी ने मिलवाया दोनों की मित्रता हुईएमित्रता के लक्षण भी बताएं और सुग्रीव ने निवेदन किया कि आप धीरज धारण करें राम जी ने सुग्रीव से पर्वत पर रहने का कारण पूछा तो सारा हाल कह कर सुनाया सुनकर राम जी को क्रोध आया और कहा कि तुम चिंता मत करना!

**सुन सुग्रीव में माराहु. बाली एक ही वाण! ब्रहम रूद्र शरणागति-गये न ऊबरे प्राण!** और मित्र के हित के लिए प्रभु श्री राम जी ने बाली का वध किया मित्र के संकट को दूर किया! शनिवार दिन के ०2:00 बजे से लंका दहन की लीला का मंचन किया जाएगा। मुख्य आयोजक-रामप्रकाश शुक्ला, श्रीकृष्ण अवतार दीक्षित, अमलेन्द्र नाथ मिश्रा, संजीव कुमार श्रीवास्तव, उमेश चंद्र मिश्रा, राजेंद्र त्रिवेदी, रजनीश श्रीवास्तव, प्रेम शंकर द्विवेदी, अशोक शुक्ला, विनीत मिश्रा, त्रिलोकी नाथ, प्रमोद मिश्रा, मुनेन्द्र सिंह, समीर शुक्ला सहित सैकड़ो गणमान्य नागरिक व महिलाएं उपस्थित रही।

रात की लीला में खाटूश्याम की लीला का मंचन किया गया, जिसमें कलयुग के प्रधान देवता श्री खाटू श्याम जी महाराज का चरित्र चित्रण दिखाया, जिसमें महाभारत के समय पर भी के पुत्र घटोत्कच और घटोत्कछ के पुत्र बर्बरीक हुए जिनको वरदान मिला की तीन वाण से पूरे संसार में प्रलय ला देने काए पर भगवान ने उनका शीश का दान मांग लिया और वह खाटू श्याम नाम से विख्यात हुए सभी उनकी पूजा करने लगे ! यह दृश्य देख सभी भक्त बड़े भावुक हुए।

## सेक्टर/जोनल/स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक कर नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के दिए निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना

■ जनपद में सकुशल, शान्तिपूर्ण व नकलविहीन बोर्ड परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की तैयारियां पूर्ण: डीएम

■ नकल करने व कराने पर उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम के तहत होगी कार्यवाही: एसपी

**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के सम्बन्ध मे सेक्टर/ जोनल/स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों, बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने समस्त अधिकारियों को परीक्षा की बारीकियों से अवगत कराते हुए निर्देशित किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं उत्तरदायित्व के साथ करें। उन्होंने विशेष रूप से सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट नियमित रूप से परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करें। प्रश्नपत्रों की अभिरक्षा एवं वितरण प्रक्रिया शासनादेशानुसार कड़ाई से सुनिश्चित की जाए। सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता परीक्षा अवधि में सतत सुनिश्चित रहे। परीक्षा केन्द्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल, स्वच्छता एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहे। सभी केन्द्र व्यवस्थापक परीक्षा केन्द्रों पर लाकर रूप की व्यस्था करें। दिव्यांग परीक्षार्थियों हेतु आवश्यक सहयोगात्मक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। परीक्षा कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों/ कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि बोर्ड परीक्षा जनपद की साख से जुड़ा विषय है, अतः सभी अधिकारी समन्वय स्थापित करते हुए टीम भावना से कार्य करें, जिससे परीक्षा पूर्णतः शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न हो सके।

बैठक मे पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बैठक में उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि परीक्षा में नकल कराने, नकल करने, प्रश्नपत्र लीक करने, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के अवैध उपयोग अथवा परीक्षा की गोपनीयता भंग करने जैसे कृत्य दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आते हैं। ऐसे मामलों में कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा केन्द्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने दी जाए। संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाए। सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा फर्जी प्रश्नपत्र प्रसारित करने वालों के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा की शुचिता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0रा0 प्रियंका सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी, डीआईओएस बाल मुकुंद, बीएसए अजीत सिंह, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी सहित सेक्टर/ जोनल/स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, केन्द्र व्यवस्थापक, एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै पप्पू पुत्र रामरतन, पताः- ग्राम हरदासपुर, मजरा-समोधा, पोस्ट-दलेलनगर, परगना व तहसील सण्डीला, जिला-हरदोई का निवासी हूँ। मेरे आधार कार्ड सं0-361361566569 पर रामकृष्ण पुत्र रामरतन त्रुटिवश अंकित हो गया है, जबकि मेरा सही नाम पप्पू पुत्र रामरतन है। मेरे आधार कार्ड पर रामकृष्ण नाम के स्थान पर पप्पू पुत्र रामरतन अंकित करना आवश्यक है। मेरा नाम खतौनी व अन्य अभिलेखो में पप्पू पुत्र रामरतन ही अंकित है।

## फर्जी की मर्जी पर अंकुश

डीपफेक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से झूठ को सच बनाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर केंद्र सरकार ने शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। इस तरह के भ्रमित करने वाली सामग्री प्रसारित करने वाले सोशल मीडिया को नियंत्रित करने वाले नियमों को सख्त बनाया जा रहा है। जिससे डिजिटल कंपनियों और प्लेटफॉर्मों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है, खासकर डीपफेक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई से निर्मित सामग्री के संबंध में। दरअसल, ये नवीनतम बदलाव उन शिकायतों के बाद किए गए हैं जिसमें एआई बॉट द्वारा पथभ्रष्ट करने वाली उत्तेजक छवियों के निर्माण करने के आरोप लगे हैं। जिसके खिलाफ दुनिया के कई देशों ने भी सख्त कदम उठाए हैं। उल्लेखनीय है कि आईटी के नये नियम बीस फरवरी से लागू होंगे। इसके बाद एआई के जरिये निर्मित सामग्री पर इस बात का लेबल लगाना जरूरी होगा कि उसे कृत्रिम रूप से गढ़ा गया है। साथ ही प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को उपयोगकर्ताओं को भरोसा दिलाना होगा कि साझा की जा रही सामग्री एआई द्वारा निर्मित है या नहीं। ऐसे वक्त में जब लोगों की संवेदनाओं और भरोसे से खिलवाड़ का खेल द्रुत गति से जारी है, केंद्र सरकार की ओर से उठाया गया यह जरूरी कदम कहा जा सकता है। सरकार ने नये प्रावधानों में निर्देश दिया है कि किसी भी अवैध या भ्रामक एआई जनित सामग्री को तीन घंटे के भीतर हटाना होगा या फिर ब्लॉक करना होगा। उल्लेखनीय है कि पहले इसे हटाने की समय सीमा 36 घंटे थी। हालांकि, इस तरह सख्त नियमों के जरिये सोशल मीडिया का नियमन खासा जटिल कार्य है। इस आदेश की जटिल कार्यप्रणाली के अतिरिक्त,यह सवाल भी विवाद का विषय बना हुआ कि ऑनलाइन आपत्तिजनक सामग्री किसे माना जाए। साथ ही यह भी कि क्या स्वीकार्य है? यदि हां तो किस आधार पर? वहीं दूसरी ओर इसके बहाने सरकारों द्वारा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने की चिंताएं भी बरकरार हैं। सही मायनों में, लोकतंत्र की अपरिहार्य शर्त स्वतंत्र अभिव्यक्ति से जुड़ी इन चिंताओं का निराकरण भी जरूरी है। निस्संदेह दुनिया में जैसे-जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता डिजिटल क्षेत्र में अपना दायरा बढ़ाती जा रही है, वैसे-वैसे ही प्रभावी नियामक नियंत्रण स्थापित करना एक कठिन चुनौती बनता जा रहा है। वहीं दूसरी ओर एआई उद्योग के लिये भी, अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बाजार में अपनी तकनीकों के विस्तार के साथ-साथ नैतिक ढांचों को बनाये रखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य बनता जा रहा है।

**डिजिटल कंपनियों और प्लेटफॉर्मों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है, खासकर डीपफ़ेक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई से निर्मित सामग्री के संबंध में। दरअसल, ये नवीनतम बदलाव उन शिकायतों के बाद किए गए हैं जिसमें एआई बॉट द्वारा पथभ्रष्ट करने वाली उत्तेजक छवियों के निर्माण करने के आरोप लगे हैं। जिसके खिलाफ दुनिया के कई देशों ने भी सख्त कदम उठाए हैं। उल्लेखनीय है कि आईटी के नये नियम बीस फरवरी से लागू होंगे। इसके बाद एआई के जरिये निर्मित सामग्री पर इस बात का लेबल लगाना जरूरी होगा कि उसे कृत्रिम रूप से गढ़ा गया है।**

उल्लेखनीय है कि एक प्रमुख कंपनी के सुरक्षा शोधकर्ता का विवादास्पद परियोजनाओं की अनियंत्रित गति से असहमति जताते हुए त्यागपत्र देना तकनीकी प्रगति की छलांग लगाती गति के दुष्परिणामों को ही उजागर करता है। निर्विवाद रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता जनित स्पर्धा के दौर में नैतिक दुविधा स्पष्ट है। साथ ही इसका कोई कारगर समाधान शीघ्र नजर भी नहीं आता। इस संकट से विकासशील देश ही नहीं, विकसित देश भी गहरे तक जूझ रहे हैं। आस्ट्रेलिया व फ्रांस आदि देशों में बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने की न्यूनतम उम्र निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में इंस्टाग्राम और यूट्यूब के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों की जांच के लिये एक ऐतिहासिक मुकदमा शुरू हो गया है। सोशल मीडिया कारोबार में दोनों हाथों से मुनाफा बटोरने वाली कंपनियों के देश अमेरिका में दुनिया की सबसे बड़ी सोशल मीडिया कंपनियों पर लोगों को लत लगाने वाली मशीनें बनाने के आरोप लग रहे हैं। इस बाबत एक अंतर्राष्ट्रीय प्रमुख विशेषज्ञ की टिप्पणी है- हम देख रहे हैं कि अधिकाधिक युवा न केवल मनोवैज्ञानिक बल्कि शारीरिक पीड़ा का भी अनुभव करते हैं, जब उनसे फोन आदि उपकरण ले लिए जाते हैं। कमोबेश यही स्थिति भारत समेत तमाम विकासशील देशों में भी बनी हुई है। इस संकट का कोई स्थायी समाधान विश्व भर के लिये प्रासंगिक हो सकता है। निस्संदेह, इस बेहद घातक तकनीक आक्रमण से निबटना लगातार बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। निर्विवाद रूप से असली-नकली के भ्रम से जूझते उपयोगकर्ताओं की संवेदनाओं से खिलवाड़ का सिलसिला नियंत्रित होना चाहिए। वहीं दूसरी ओर डीपफ़ेक से धोखाधड़ी-गलत सूचनाओं के बढ़ते खतरों को नियंत्रित करने के लिये सख्त नियम के साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के संचालकों को जवाबदेह बनाना भी जरूरी है।

# बांग्लादेश में बदलाव, भारत पर पड़ेगा सकारात्मक प्रभाव

संजय सक्सेना

**भारत के साथ बांग्लादेश के संबंध हमेशा महत्वपूर्ण रहे हैं। दोनों देश सांस्कृतिक रूप से जुड़े हैं और सीमा पर व्यापार फलता-फूलता है। पिछली सरकारों के दौरान कुछ मुद्दों पर तनाव जरूर आया था, लेकिन बांग्लादेश राष्ट्रवादी दल भारत के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखता है। तारिक रहमान ने कई मौकों पर कहा है कि भारत उनका मित्र देश है और दोनों देशों को मिलकर आतंकवाद तथा जल बंटवारे जैसे मुद्दों का समाधान करना चाहिए। नई सरकार बनने से ये संबंध और मजबूत होंगे।**

बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार को जबरदस्ती अपदस्थ करने के बाद प्रदेश की बागडोर संभालने वाले युनुस मोहम्मद ने देश को अराजकता के दौर में पहुंचा दिया था, लेकिन लगता है कि अब बांग्लादेश का राजनीतिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। आम चुनाव के नतीजों के बाद यह तय है कि बांग्लादेश में अब राष्ट्रवादी दल की अगुवाई वाली नई सरकार बनने जा रही है। इस दल को विधानसभा में स्पष्ट बहुमत हासिल हो गया है। तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने की संभावना प्रबल है।तारिक को उदारवादी और सभी को साथ लेकर चलने वाला नेता माना जाता है। यही वजह है कि बांग्लादेश के हिंदुओं ने भी तारिक की पार्टी के पक्ष में बढ़-चढ़कर मतदान किया था। वहीं, मौजूदा कार्यवाहक प्रधानमंत्री की भूमिका निभा रहे युनुस मोहम्मद की राजनीतिक यात्रा पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। यह बदलाव न केवल बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति को प्रभावित करेगा, बल्कि पड़ोसी देश भारत के साथ उसके संबंधों और वहां रहने वाले अल्पसंख्यक हिंदुओं की स्थिति पर भी गहरा असर डालेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि नई सरकार अल्पसंख्यक हिंदुओं के लिए सुरक्षित माहौल बना सकती है और भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने में सकारात्मक भूमिका निभा सकती है। बांग्लादेश के 13वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में बांग्लादेश राष्ट्रवादी दल को भारी सफलता मिली है। अनौपचारिक गिनती के अनुसार, दल ने 300 सदस्यीय संसद में 175 से अधिक सीटों पर बढ़त बना ली है, जो स्पष्ट बहुमत का संकेत देता है। वहीं, इस्लामी जमात-ए-इस्लामी गठबंधन को करीब 60 से 70 सीटें मिली हैं। राष्ट्रीय नागरिक दल ने अपनी पहली कोशिश में छह सीटें जीतीं, जबकि निर्दलीय उम्मीदवारों को चार से अधिक सीटें हासिल हुईं। एक सीट पर उम्मीदवार की मौत के कारण मतदान नहीं हुआ।यह चुनाव शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद पहला है। तारिक रहमान के नेतृत्व वाले दल की जीत से राजनीतिक परिवर्तन की उम्मीद है। मतदान के दौरान नौ लोगों की मौत हुई। उम्मीद की जा रही है कि नई सरकार देश में स्थिरता लाएगी।बांग्लादेश राष्ट्रवादी दल लंबे समय से देश की राजनीति में सक्रिय रहा है। इस दल ने हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों और बहुलवादी समाज की वकालत की है। हाल के चुनावों में मिले बहुमत ने इस दल को सत्ता की कुंजी सौंप दी है। तारिक रहमान, जो दल के प्रमुख नेता हैं, लंदन से सक्रिय राजनीति में लौटने की तैयारी कर रहे हैं। उनकी अगुवाई में नई सरकार बनने से बांग्लादेश में स्थिरता की उम्मीद जगी है। पिछली सरकारों के दौरान अल्पसंख्यक समुदायों पर हुए अत्याचारों की घटनाओं ने समाज को आहत किया था। अब नई सरकार से उम्मीद की जा रही है कि वह हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। अल्पसंख्यक हिंदू बांग्लादेश की कुल आबादी का लगभग आठ प्रतिशत हैं। वे मुख्य रूप से ग्रामीण इलाकों में रहते हैं और कृषि तथा छोटे व्यवसायों पर निर्भर हैं। हाल के वर्षों में मंदिरों पर हमले, जमीन हड़पने और हिंसा की घटनाओं ने इस समुदाय को भयभीत कर दिया था। बांग्लादेश राष्ट्रवादी दल ने चुनाव प्रचार के दौरान स्पष्ट संदेश दिया था कि अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा उनकी प्राथमिकता होगी। तारिक रहमान ने कई बार कहा है कि उनका दल सभी धर्मों के लोगों को समान अवसर देगा। नई सरकार बनने के बाद कानून व्यवस्था मजबूत करने के वादे से हिंदू समुदाय में उत्साह है।नई सरकार अल्पसंख्यकों के लिए कई कदम उठा सकती है। सबसे पहले, मंदिरों और पूजा स्थलों की सुरक्षा के लिए विशेष दस्ते गठित किए जा सकते हैं। दूसरा, जमीन संबंधी विवादों को तत्काल निपटाने के लिए अदालतों में विशेष बेंच बनाई जा सकती हैं। तीसरा, हिंदू समुदाय के युवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ाए जा सकते हैं। इन कदमों से न केवल हिंदुओं का भरोसा बढ़ेगा बल्कि समाज में सद्भाव का वातावरण बनेगा। विशेषज्ञ बताते हैं कि स्थिर सरकार के आने से हिंसा की घटनाएं कम होंगी और अल्पसंख्यक समुदाय आर्थिक रूप से मजबूत होगा। उदाहरण के तौर पर, दल की पिछली सरकारों में अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड सक्रिय रहा था, जिसने कई योजनाएं चलाई थीं। अब ऐसी योजनाओं को नई जान मिलेगी। भारत के साथ बांग्लादेश के संबंध हमेशा महत्वपूर्ण रहे हैं। दोनों देश सांस्कृतिक रूप से जुड़े हैं और सीमा पर व्यापार फलता-फूलता है। पिछली सरकारों के दौरान कुछ मुद्दों पर तनाव जरूर आया था, लेकिन बांग्लादेश राष्ट्रवादी दल भारत के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखता है। तारिक रहमान ने कई मौकों पर कहा है कि भारत उनका मित्र देश है और दोनों देशों को मिलकर आतंकवाद तथा जल बंटवारे जैसे मुद्दों का समाधान करना चाहिए। नई सरकार बनने से ये संबंध और मजबूत होंगे। व्यापार बढ़ेगा, सीमा पर घुसपैठ रुकेगी और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा।भारत बांग्लादेश को निर्यात करता है कपड़ा, दवाइयां और मशीनरी। बदले में बांग्लादेश जूट तथा सब्जियां भेजता है। नई सरकार के आने से यह व्यापार दोगुना हो सकता है। इसके अलावा, गंगा जल बंटवारे पर नए समझौते की संभावना है। दोनों देश मिलकर बाढ़ नियंत्रण परियोजनाएं चला सकते हैं। अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा भारत के लिए भी चिंता का विषय रही है। नई सरकार के सकारात्मक कदमों से भारत को आश्वासन मिलेगा और द्विपक्षीय संबंधों में नई गर्मी आएगी। राजनयिक सूत्रों के अनुसार, नई सरकार दिल्ली का दौरा करेगी और उच्च स्तरीय वार्ता होगी। इससे दोनों देशों के नागरिकों को लाभ होगा। तारिक रहमान का नेतृत्व भारत के हितों के अनुकूल माना जा रहा है। वे आर्थिक सुधारों पर जोर देंगे, जो भारत के निवेश को आकर्षित करेगा। बांग्लादेश में भारतीय कंपनियां पहले से सक्रिय हैं। नई सरकार के आने से इनका विस्तार होगा। ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग बढ़ेगा। भारत बांग्लादेश को बिजली आपूर्ति करता है, इसे और बढ़ाया जा सकता है। आतंकवाद के खिलाफ दोनों देश साझा रणनीति बना सकते हैं। रोहिंग्या संकट पर भी सहमति बनेगी। कुल मिलाकर, नई सरकार से भारत को लाभ होगा।अल्पसंख्यक हिंदुओं के लिए सकारात्मक प्रभाव लंबे समय तक रहेगा। नई सरकार शिक्षा नीति में बदलाव ला सकती है, जिसमें हिंदू त्योहारों को मान्यता मिलेगी। स्वास्थ्य सेवाओं में समान पहुंच सुनिश्चित होगी। महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। हिंदू समुदाय के नेता उत्साहित हैं। वे कहते हैं कि अब वे बिना डर के जी सकेंगे। ग्रामीण इलाकों में विकास योजनाएं चलेंगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि यह बदलाव बांग्लादेश के लिए वरदान साबित होगा।युनुस मोहम्मद की कार्यवाहक सरकार ने संक्रमण काल संभाला था, लेकिन स्थायी सरकार की जरूरत थी। अब तारिक रहमान के नेतृत्व में देश नई दिशा पकड़ेगा। अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और भारत से मजबूत रिश्ते इस सरकार की पहचान बनेंगे। समाज के सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। बांग्लादेश में शांति स्थापित होगी और विकास की रफ्तार तेज होगी। भारत भी इस बदलाव का स्वागत करेगा। दोनों देश मिलकर समृद्धि के नए द्वार खोलेंगे। यह राजनीतिक मोड़ न केवल बांग्लादेश बल्कि दक्षिण एशिया के लिए सुखद संदेश है। अल्पसंख्यक हिंदुओं को न्याय मिलेगा और भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध मजबूत होंगे। उम्मीद है कि नई सरकार अपने वादों पर खरी उतरेगी।

# योगी सरकार ने प्रस्तुत किया समग्र विकास का बजट

मृत्युंजय दीक्षित

**यूपी के बजट में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट की छाप दिख रही है। योगी सरकार का चुनावी वर्ष के पूर्व का यह बजट प्रदेश को समस्त क्षेत्र में विकसित बनाने का आश्वासन देने वाला बजट है, समाज को संतुष्टि प्रदान करने वाला बजटहै । बजट में समाज के चार स्तंभों युवा, किसान, गरीब व महिलाओं का विशेष ध्यान रखा गया है।**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने 2027 में संभावित विधानसभा चुनावों से पूर्व 9 लाख करोड़ रु का अब तक का सबसे बड़ा बजट विधानसभा में प्रस्तुत किया है। सत्तापक्ष, विशेषज्ञ और मीडिया भी इस बजट की सराहना कर रहे हैं। परंपरागत रूप से विपक्ष इसकी आलोचना करते हुए इसे योगी सरकार का अंतिम बजट कह रहा है। योगीराज के इस बजट का आकार भारत के पड़ोसी राष्ट्रों पाकिस्तान और बांग्लादेश के बजट से भी कई गुना बड़ा है। यूपी के बजट में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट की छाप दिख रही है। योगी सरकार का चुनावी वर्ष के पूर्व का यह बजट प्रदेश को समस्त क्षेत्र में विकसित बनाने का आश्वासन देने वाला बजट है, समाज को संतुष्टि प्रदान करने वाला बजटहै । बजट में समाज के चार स्तंभों युवा, किसान, गरीब व महिलाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। बजट में सुशिक्षित समाज, स्वस्थ समाज, नारी सशक्तीकरण ,जल सरंक्षण, पर्यावरण संरक्षण पर पर्याप्त धन आबंटित किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि यह बजट नारी शक्ति, युवावर्ग, किसान, तथा वंचित वर्ग के उत्थान व खुशहाली को समर्पित है। यह विश्वस्तरीय अवस्थापना सुविधाएं, उत्कृष्ट निवेश का वतावरण, नारी समृद्धि के लिए अभूतपूर्व प्रयास, युवाओं को अद्वितीय अवसर, तकनीक संग रोजगार सृजन वाला बहुआयामी बजट है। योगी सरकार प्रदेश को देश का ग्रोथ इंजन बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और यह बजट उसका प्रमाण है। सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम पूर्ण बजट होने के बाड भी बजट में राजकोषीय अनुशासन पर बल दिया गया है और आधुनिकता पर भी ध्यान दिया गया है। सरकार लगातार बजट का आकार बड़ा करके प्रदेश के आर्थिक उन्नयन के लिए नई रणनीतियों के साथ अपनी व्यूह रचना को आगे बढ़ा रही है। महत्वपूर्ण बात है कि आइटी एवं इलेक्ट्रानिक्स क्षेत्र के बजट में 76 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, कृषि के लिए 20 प्रतिशत सिंचाई एवं जल संसाधन के लिए विगत वर्ष की तुलना में 30 प्रतिशत अतिरिक्त धनराशि की व्यवस्था की गई है। ग्राम पंचायतों के लिए भी सरकार ने खजाना खोल दिया है और इस बार उनके लिए बजट में 67 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। प्रदेश में विधानसभा चुनावों से पूर्व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव भी संभावित हैं जिनके कारण सरकार ने नई मांगो के अनुरूप सबसे अधिक 10,695 करोड़ रु की धनराशि पंचायती राज विभाग को आवंटित की है। इस वर्ष के बजट में कई नए क्षेत्रों का सृजन किया गया है व धन आवंटित कर उन्हे पोषित करने का प्रयास किया गया है। एआई तकनीक तथा डाटा सेंटर के साथ औद्योगिक विकास पर बल दिया गया है। एमएसएमई पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। हर बार की तरह एक्सप्रेस वे योजनाओं को भी धन आवंटित कर विकास की गंगा बहाने पर ध्यान दिया गया है। बजट में एक जिला एक उत्पाद व एक जिला एक व्यंजन जैसी योजनाओं को प्राथमिकता दी गई हैं। विकास को गति देने के लिए हर जिले व क्षेत्र का ध्यान रखा गया है। पर्यटन के माध्यम से भी प्रदेश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने व युवाओं के लिए नये रोजगार सृजन पर बल दिया गया है। बजट को लेकर सरकारी पक्ष का जोरदार दावा है कि नए बजट से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुलने जा रहे हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया गया है। बजट के माध्यम से सरकार ने किसानों को साधने के लिए बजट में बीज से बाजार तक की विस्तृत योजना के साथ धन का खजाना खोल दिया है। सरकार का जोर फसलों की गुणवत्ता और उत्पादकता पर तो है ही साथ ही वो किसानों को उद्यम, प्रसंस्करण और बाजार से भी जोड़ना चाहती है। प्रदेश के बजट में पशुधन एवं दुग्ध विकास को भी स्थान देते हुए निराश्रित गोवंश के लिए व्यवस्था की गई है। प्रदेश में 220 नई दुग्ध समितियां गठित करने की घोषणा की गई है। विकास कार्यों के लिए बजट में 19.5 प्रतिशत पूंजीगत परिव्यय का प्रावधान किया गया है जो आधारभूत ढांचे, औद्योगिक विकास, सड़क, ऊर्जा और शहरी ग्रामीण अधोसंरचना को गति प्रदान करेगा, इससे सम्बंधित 43.5 हजार करोड़ रु की नई योजनाएं बजट में आवंटित की गई हैं। बजट में बताया गया है कि प्रदेश में हो रहे बदलावों के अनुसार किस प्रकार राजस्व जुटाने में एआई तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश, देश में आबकारी निर्यात नीति तैयार करने वाला पहला राज्य बना है । देश के मोबाइल निर्माण सेक्टर में 65 प्रतिशत मोबाइल यूपी में बन रहे हैं। 44.74 हजार करोड़ के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात से यूपी देश की ताकत बन चुका है। भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए तैयार तहसीलों के लिए योजना बनाई गई है और शिक्षा पर खर्च बढ़ाया गया है। प्रदेश के लघु उद्यमी बजट से खुश नजर आ रहे हैं उद्योगपतियां का कहना है कि बजट में हस्तकरघा और अन्य योजनाओं को काफी धन मिला है। महिलाए व युवा भी बजट का अपने अनुसार स्वागत कर रहे है। किंतु अगर बजट से कोइसर्वाकि निराश दिखा रहा है तो विरोधी दल ही हैं क्योकि अब प्रदेश में सब कुछ चंगा है कयोकि न कोई दंगा है। कानून व्यवस्था मे व्यापक सुधार देखने को मिल रहा है जिसके कारण अब निवेषक मभी प्रदेश में निवेश करने के लिए आकर्षित हो रहे हैं। योगी सरकार ने अपने आखिरी बजट में भाजपा शासित अन्य राज्यो की अच्छी विकास योजाओ को भी समाहित करने का सफल प्रयास किया है। जिसमें राजस्थान सरकार द्वारा चलाई जा रही स्कूटी योजना एक प्रमुख उदाहरण हें। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने बजट में चुनावों में वापसी के लिए जमकर रेवड़िया बांट रहे थे जबकि बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मुस्लिम तुष्टिकरण पर इतना ध्यान और धन देती है कि कुछ कहने को नहीं वह अपने बजट में 5 हजार करोड रूपए केवल मदरसों, मस्जिदां व मुस्लिम अल्पसख्यकों के कल्याण पर ही खर्च कर देती हैं और उद्योग व राज्य के आधुनिक विकास पर कोई ध्यान नहीं दे रही है और यही कारण है कि आज उत्तर प्रदेश जहां देश का विकसित राज्य बनने की ओर तीव्रता के साथ आगे बढ रहा है वहीं बंगाल में अथाह घोटालों व भ्रष्टाचार तथा मुस्लिम तुष्टिकरण की अंधी दौड में आकंठ डूबकर बरबादी की कगार पर पहुच गया है। यूपी में योगी बजट की एक और विशेषता यह रही है कि किसी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में लगातार 10वां बजट पेश किया गया हो अभी तक किसी भी मुख्यमंत्री को लगातार इतने बजट प्रस्तुत करने का सौभाग्य नहीं प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश आज कई सारे क्षेत्रों में नंबर वन पायदान पर पहुंच गया है जबकि भारत के टॉप तीन विकसित राज्यो की श्रेणी में भी आ गया है। योगीराज मे सबसे बड़ा बदलाव यह आया है कि अब तक जितने भी बजट योगी कार्यकाल मे पेश किए गए हैं उन सभी नौ बजटो में कोई टैक्स नहीं लगाया गया है।

# डीपफ़ेक का धोखा और डिजिटल सख्त नियमों की अनिवार्यता

ललित गर्ग

डिजिटल युग में सूचना की गति जितनी तीव्र हुई है, उतनी ही तेजी से भ्रम, छल और दुष्प्रचार की संभावनाएँ भी बढ़ी हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डीपफ़ेक तकनीक ने इस चुनौती को और जटिल बना दिया है। अब केवल शब्दों से नहीं, बल्कि चेहरों, आवाजों और भाव-भंगिमाओं से भी झूठ को सच की तरह प्रस्तुत किया जा सकता है। यही कारण है कि केंद्र सरकार ने डीपफ़ेक और एआई जनित सामग्री के नियमन के लिए आईटी नियमों को सख्त करने का निर्णय लिया है। बीस फरवरी से लागू होने जा रहे नए प्रावधानों के अनुसार एआई द्वारा निर्मित सामग्री पर स्पष्ट लेबल लगाना अनिवार्य होगा और किसी भी अवैध या भ्रामक सामग्री को तीन घंटे के भीतर हटाना या ब्लॉक करना होगा। पहले यह समयसीमा 36 घंटे थी। यह बदलाव केवल तकनीकी संशोधन नहीं, बल्कि डिजिटल नैतिकता और लोकतांत्रिक जवाबदेही की दिशा में एक गंभीर हस्तक्षेप है।

पिछले कुछ वर्षों में डीपफ़ेक तकनीक का दुरुपयोग भयावह रूप से सामने आया है। राजनीतिक नेताओं के फर्जी वीडियो, अभिनेत्रियों की अश्लील रूप से परिवर्तित तस्वीरें, सांप्रदायिक तनाव भड़काने वाले ऑडियो क्लिप और आर्थिक धोखाधड़ी के लिए बनाए गए कृत्रिम संदेश-ये सब इस बात के प्रमाण हैं कि तकनीक तटस्थ नहीं रहती, उसका उपयोग और दुरुपयोग दोनों संभव हैं। जब सत्य को जूता जा रहा हो और झूठ को परिष्कृत तकनीक के सहारे प्रमाणिकता का आवरण पहनाकर प्रस्तुत किया जा रहा हो, तब समाज में अविश्वास का वातावरण बनना स्वाभाविक है। ऐसी स्थिति में सरकार द्वारा नियंत्रण की पहल आवश्यक प्रतीत होती है, क्योंकि यह केवल अभिव्यक्ति का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द, राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिकों की प्रतिष्ठा से जुड़ा विषय है। नए नियमों के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से बढ़ाई गई है। अब उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि उपयोगकर्ता को यह जानकारी मिले कि साझा की जा रही सामग्री एआई से निर्मित है या नहीं। इससे पारदर्शिता का एक न्यूनतम मानक स्थापित होगा। साथ ही, तीन घंटे की समयसीमा यह संकेत देती है कि सरकार डिजिटल अपराधों की गंभीरता को समझ रही है। डीपफ़ेक वीडियो के वायरल होने के बाद उसका खंडन अक्सर प्रभावहीन हो जाता है, इसलिए त्वरित कार्रवाई ही नुकसान को सीमित कर सकती है। परंतु यह भी सच है कि इतनी कम समय सीमा में सामग्री की सत्यता की जांच करना तकनीकी और प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत जटिल कार्य है। इससे प्लेटफॉर्मों पर निगरानी तंत्र को अत्यधिक सुदृढ़ करना पड़ेगा, जो लागत और संचालन दोनों के स्तर पर चुनौतीपूर्ण होगा। यह प्रश्न भी महत्वपूर्ण है कि आपत्तिजनक या भ्रामक सामग्री की परिभाषा कौन और किस आधार पर तय करेगा। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक मूलाधिकार है। यदि नियमन की प्रक्रिया पारदर्शी और न्यायसंगत नहीं होगी, तो इसके दुरुपयोग की आशंकाएँ जन्म लेंगी। अतीत में भी यह देखा गया है कि जब-जब सोशल मीडिया पर नियंत्रण के प्रयास हुए, तब कुछ वर्गों ने इसे सरकारी अतिक्रमण के रूप में प्रस्तुत किया। इसलिए नियमन और स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाना अत्यंत आवश्यक है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि नियमों का प्रयोग असहमति को दबाने के लिए नहीं, बल्कि स्पष्ट रूप से दुष्प्रचार और अपराध को रोकने के लिए हो। इस दिशा में स्वतंत्र निगरानी तंत्र, न्यायिक समीक्षा और पारदर्शी शिकायत निवारण प्रणाली अनिवार्य घटक हो सकते हैं। वैश्विक परिदृश्य भी इसी संकट की ओर संकेत करता है। ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस जैसे देशों ने बच्चों के लिए सोशल मीडिया उपयोग की न्यूनतम आयु निर्धारित करने जैसे कदम उठाए हैं। अमेरिका में इंस्टाग्राम और यूट्यूब के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभावों की जांच के लिए ऐतिहासिक मुकदमे चल रहे हैं। वहाँ की बड़ी




तकनीकी कंपनियों पर युवाओं को लत लगाने वाली संरचनाएँ विकसित करने के आरोप लगे हैं। विशेषज्ञों का मत है कि कई युवा जब अपने फोन से दूर किए जाते हैं तो वे मनोवैज्ञानिक ही नहीं, शारीरिक असहजता भी अनुभव करते हैं। यह स्थिति केवल विकसित देशों तक सीमित नहीं, भारत सहित विकासशील देशों में भी सोशल मीडिया का अनियंत्रित विस्तार सामाजिक और मानसिक संकट का कारण बन रहा है। एआई उद्योग स्वयं भी एक नैतिक दुविधा के दौर से गुजर रहा है। अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बाजार में कंपनियाँ तकनीकी श्रेष्ठता की दौड़ में लगी हैं। इस दौड़ में सुरक्षा और नैतिकता के प्रश्न अक्सर पीछे छूट जाते हैं। हाल ही में एक प्रमुख कंपनी के सुरक्षा शोधकर्ता द्वारा विवादास्पद परियोजनाओं की अनियंत्रित गति पर असहमति जताते हुए त्यागपत्र देना इस तनाव का संकेत है। तकनीक की प्रगति जितनी तेज होगी, नियामक ढाँचे उतनी ही तेजी से अप्रासंगिक होते जाएँगे, यदि उन्हें समयानुकूल अद्यतन न किया जाए। इसलिए नियमन को केवल दंडात्मक नहीं, बल्कि दूरदर्शी और सहभागी होना चाहिए। भारत के संदर्भ में यह विषय और भी संवेदनशील है। यहाँ डिजिटल क्रांति ने अभूतपूर्व विस्तार पाया है। करोड़ों नए उपयोगकर्ता प्रतिवर्ष ऑनलाइन आ रहे हैं। ऐसे में यदि असली और नकली के बीच का फर्क स्पष्ट न रहे तो लोकतांत्रिक विमर्श ही संदिग्ध हो जाएगा। चुनावी प्रक्रिया, सामाजिक सद्भाव, आर्थिक लेन-देन और व्यक्तिगत प्रतिष्ठा-सभी पर डीपफ़ेक का खतरा मंडरा सकता है। इसलिए एआई जनित सामग्री पर लेबलिंग का प्रावधान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि सूचना साक्षरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। परंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि लेबलिंग तभी प्रभावी होगी जब आम उपयोगकर्ता डिजिटल साक्षर हो। अन्यथा वह लेबल को समझे बिना ही सामग्री साझा करता रहेगा। आगामी ई-समिट और भारत के 'इंडिया एआई मिशन' के संदर्भ में यह और भी प्रासंगिक हो जाता है कि तकनीक का विकास पारदर्शिता, शुद्धता और प्रमाणिकता के मूल्यों के साथ हो। यदि भारत वैश्विक एआई नेतृत्व का दावा करना चाहता है, तो उसे नैतिक मानकों की स्थापना में भी अग्रणी भूमिका निभानी होगी। केवल स्टार्टअप्स और नवाचार की संख्या बढ़ाना पर्याप्त नहीं, यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि एआई मानव गरिमा, गोपनीयता और लोकतांत्रिक संस्थाओं का सम्मान करे। नियमन का उद्देश्य तकनीकी प्रगति को रोकना नहीं, बल्कि उसे उत्तरदायी बनाना होना चाहिए। अंततः यह समझना होगा कि डीपफ़ेक और एआई का संकट केवल तकनीकी नहीं, बल्कि नैतिक और सामाजिक भी है। कानून आवश्यक है, परंतु पर्याप्त नहीं। डिजिटल कंपनियों की जवाबदेही, सरकार की पारदर्शिता, न्यायपालिका की सतर्कता और नागरिकों की जागरूकता-इन सबका समन्वय ही इस चुनौती का स्थायी समाधान दे सकता है। यदि नियमन संतुलित और निष्पक्ष होगा तो वह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलने के बजाय उसे सुरक्षित करेगा, क्योंकि स्वतंत्रता तभी सार्थक है जब वह सत्य और जिम्मेदारी के साथ जुड़ी हो। झूठ को सच में बदलने की तकनीकी क्षमता जितनी बढ़ रही है, उतनी ही दृढ़ता से सत्य की रक्षा के लिए सामूहिक संकल्प भी आवश्यक है। यही डिजिटल युग की सबसे बड़ी नैतिक परीक्षा है, और यही लोकतांत्रिक समाज की अगली कसौटी भी।

# वर्दी में हैं हम यातायात नियम हमारे लिए नही

- ट्राफिक नियम को बताने वाले खुद कर रहे हैं ट्राफिक नियमों का उलंघन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। जहां आम आदमी अगर बिना हेलमेट के बाइक चला रहा है तो ट्राफिक पुलिस द्वारा उनकी बाइक रोक कर उनका चालान कर देते हैं और जब खुद नियम बताने वाले नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं तो उनको कौन रोकेगा ᅳ जबकी अगर देखा जाए तो हेलमेट केवल चालान से नही बचाता वो अपने परिसार से मिलने के लिए सुरक्षित घर पहुचने के लिए होता है क्योंकि जब सड़क दुरघटना होती है तो बिना हेलमेट के कयी लोगों की जाने भी चली जाती है और यही नही अगर जान नही जाती तो गंभीर रूप से घायल होकर अपने परिवार वालों के लिए दुःख दायी साबित हो जाते हैं ᅳ वही



जिला अधिकारी जे रिभा द्वारा अशुक्रवार को यातायात के नियमों को कड़ायी से पालन कराने को लेकर शुक्रवार को एक बैठक भी ली लेकिन अब जिला अधिकारी क्या करें जब खुद ट्राफिक के नियम बताने वाले और जागरुक करने वाले लोग ही नियम को तोड़ रहे हैं ᅳ मामला ये बांदा मुख्यालय का है जहाँ पर शुक्रवार की दोपहर को दो ट्राफिक पुलिस वाले अपनी काली पल्सर में सवार होकर बिना हेलमेट के कही जा रहे थे लेकिन साहब को ये नही पता की ये नियम आम जनमानस के लिए है और साथ में अधिकारी और कर्मचारियों के लिए भी है क्योंकि दुर्घटना व्यक्ति को पहचान कर नही होती है इसलिए हेलमेट लगाकर दो पहिया को चलाना अनिवार्य है लेकिन अब ये साहब तो अपनी वर्दी के रौब में है और बैक को बिना हेलमेट के चला रहे हैं।

### यातायात सुरक्षा माह में खुद देते हैं नियमों को पालन करने की जानकारी

सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सरकार द्वारा यातायात सुरक्षा माह अभियान भी चलाया जाता है और यही नही इस माह के खंत होने के बाद भी यातायात नियमों को जोर सर से जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए नुककड़ नाटक तो कही जागरूकता रैली जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है और जो लोग बैक में यातायात नियम को तोड़ते हुए दिख रहे हैं वो लोग भी कड़ायी से पालन कराने के लिए अपनी जिम्मेदारी को निभाते हैं लेकिन अब साहब तो साहब हैं इनको तो अपनी वर्दी पर नाज है की हम सभी को पालन करा सकते हैं और हम सभी का चालान कर सकते हैं लेकिन हमारा कौन चालान काटेगा।

## ई-रिक्शा चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

बांदा। पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बीती देर रात्रि को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा ई-रिक्शा चोरी करने वाले 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र काशीराम कालोनी के रहने वाले साकिब पुत्र अनीष द्वारा थाना कोतवाली नगर पर सूचना दी कि 9 फरवरी की देर रात्रि को अज्ञात चोर द्वारा उनका ई-रिक्शा घर के सामने से चोरी कर ले गए । सूचना पर तत्काल थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे । इसी क्रम में बीती देर रात्रि को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 2 अभियुक्तों को कनवारा बाईपास के पास से गिरफ्तार कर लिया । पुलिस द्वारा पकड़े गये अभियुक्तों से कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों अभियुक्तों ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि 7 फरवरी को काशीराम कालोनी के पास से चुराया था ।

# एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने कयी माह से मानदेय न मिलाने को लेकर डीएम से लगायी गुहार

- समस्याओं का समाधान करवाने को लेकर लिखित शिकायत पत्र दिया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के संविदा कर्मचारियों के मानदेय भुगतान में लगातार हो रही देरी के खिलाफ बांदा जिले के एनएचएम संविदा कर्मचारी संघ ने जिलाधिकारी को भुगतना कराने आदि की समस्याओं का समाधान करवाने को लेकर लिखित शिकायत पत्र दिया ᅳ जिलाधिकारी कार्यालय पहुचकर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियो के मानदेय भुगतान में हो रही लगातार देरी के खिलाफ बांदा जिला अधिकारी को संविदा कर्मचारियों ने दिया लिखित शिकायत पत्र ,जिसमें जिला अध्यक्ष डॉ. मिलेन्द्र सिंह और जिला महामंत्री शोभित गुप्ता के हस्ताक्षर हैं। ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया है। प्रदेश भर में करीब 1.50 लाख संविदा कर्मचारी जुलाई 2025 से मासिक मानदेय समय पर नहीं पा रहे हैं। एक माह का भुगतान 2 माह या अधिक समय बाद मिल रहा है। ट्टगइ ट्टध्थन्पद्ध पोर्टल के बाद 'लिमिट शून्य', 'बिल फ़ेल' या 'बजट अनुपलब्धता' जैसे कारण बताए जा रहे हैं। इससे कर्मचारियों को गंभीर आर्थिक व मानसिक संकट का सामना करना पड़ रहा है; कुछ मामलों में आत्महत्या के प्रयास भी सामने आए हैं। सभी संविदा कर्मचारियों का मानदेय हर माह की 7 तारीख तक अनिवार्य भुगतान हो। तकनीकी/प्रशासनिक समस्याओं (बिल फ़ेल, लिमिट आदि) का स्थायी समाधान के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी हों। सभी लंबित मानदेय का तत्काल भुगतान हो। भविष्य में विलंब न हो, इसके लिए समयबद्ध भुगतान की ट्टग्घ जारी की जाए। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 7 तारीख तक भुगतान सुनिश्चित नहीं हुआ, तो जिले के सभी संविदा कर्मचारी 'नो पे - नो वर्क' (गध ध्थभ - गध डधन्द्म) का रास्ता अपनाएंगे। यह समस्या पूरे उत्तर प्रदेश में व्याप्त है, जहां विभिन्न जिलों (जैसे बलिया, कुशीनगर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, हरदोई आदि) में इसी तरह के प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं। प्रांतीय स्तर पर भी संगठन ने कई बार वार्ता और पत्राचार किया, लेकिन कोई ठोस सुधार नहीं हुआ है।

# अपर जिला अधिकारी के निरीक्षण में ब्लाक में मची अफरा-तफरी



- लेखाकार और मनारेगा कार्यालय में देखे कराये गए कार्यों का रजिस्टर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। ब्लाक में जैसे मालुम चला की अपर जिला अधिकारी को औचक निरिक्षण के लिए आना है तो ब्लाक में सभी कर्मचारियों ने साफ़ सफाई में लग गए और तुरंत ही कार्यालय को चाक चौबंद कर दिया गया लेकिन जब निरिक्षण में उपस्थित रजिस्टर देखा गया तो दो कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए जिसमे उनको कारण बताओं नोटिस के लिए बीडीओ को आदेशित कर दिया गया। महुआ ब्लाक में शुक्रवार को अपर जिला अधिकारी न्यायिक द्वारा औचक निरिक्षण किया गया जिसमे सबसे पहले बीडीओ कार्यालय का निरिक्षण किया गया और इसके बाद लेखाकार संतोष निगम के कार्यालय का निरिक्षण किया गया जहां पर सभी प्रकार के रजिस्टर मांगे गए ज्सिअमे रजिस्टर उपलभध कराकर रजिस्टरों को चेक किया गया और इसके बाद मनारेगा कार्यालय में जब पहुचे तो मौजूद सभी कर्मचारी पसीने छोड़ने लगे और सबसे पहले एक फ़ाइल कच्चे कार्य और एक फ़ाइल पक्के कार्य की देखी गयी और साथ में पूंछा गया की आज कितने लोग कार्य कर रहे हैं जिसकी सुचना अपर जिला अधिकारी को दे दी गयी वही ᅳ मौके पर राकेश पयासी मनारेगा पटल के सहायक को निर्देशित किया गया की सभी फाइलों को सही तरीके से व्यवस्थित किया जाए ᅳ वहिन्न मौके पर अजीवका मिशन के पटल को देखा गया तो बी एम एम फ्द्धद्धथद्य त्रिपाठी से पूंछा गया की कितनी सखियाँ लखपती हुयी हैं तो बताया गया की एक सखी सरोज कुशवाहा है।

# जिलाधिकारी में तहसील मंझनपुर का किया आकस्मिक निरीक्षण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज तहसील मंझनपुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी एस.पी. वर्मा को निर्देशित किया कि तहसील परिसर में फरियादियों के बैठने हेतु पर्याप्त व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता तथा शौचालयों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाये। पुरुष शौचालय में पानी की उपलब्धता न होने एवं वाटर कूलर की साफ-सफाई संतोषजनक न पाये जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए नाजिर का वेतन रोकने के निर्देश दिये।

उप जिलाधिकारी न्यायालय के निरीक्षण के दौरान अभिलेख सुव्यवस्थित न मिलने पर जिलाधिकारी ने पेशकार का वेतन रोकने के निर्देश दिये। साथ ही राजस्व मामलों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। तहसीलदार न्यायालय एवं नायब



तहसीलदार न्यायालय के निरीक्षण के दौरान भी लंबित राजस्व वादों के शीघ्र निस्तारण पर जोर दिया गया।

अभिलेखागार के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने अभिलेखों का सुव्यवस्थित रख-रखाव करने तथा सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता सुनिश्चित बनाए रखने के निर्देश दिए। लेखपाल एवं अमीन की सर्विस बुक का अवलोकन करते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि सभी प्रविष्टियां अद्यतन रखी जाएं। जिलाधिकारी ने 10 लाख रुपये से अधिक बकायेदारों की सूची एवं राजस्व वसूली की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर तहसीलदार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। आईजीआरएस रजिस्टर, जनशिकायत रजिस्टर एवं तहसील रजिस्टर के निरीक्षण के दौरान शिकायतकर्ताओं के मोबाइल नंबर व अद्यतन विवरण न मिलने पर जनशिकायत लिपिक को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए और सभी सूचनाएं नियमित रूप से अपडेट रखने को कहा। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ओम प्रकाश सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुख्य विकास अधिकारी ने की व्यापार बंधु समिति की बैठक



कौशाम्बी। मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने उदयन सभागार में आयोजित जिला व्यापार बन्धु समिति की बैठक में व्यापारियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिये। बैठक में ओसा मण्डी परिसर के अंदर तौल हेतु धर्मकांटा लगाए जाने की मांग पर अवगत कराया गया कि धर्मकंाटा स्थापना के लिए स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इसी प्रकार नगर पंचायत सराय अकिल के मुक्तिधाम में समरसेबल पम्प लगाए जाने की मांग पर अधिशासी अधिकारी ने बताया कि इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है और आवश्यक कार्यवाही प्रगति पर है। जनपद की बसों के रूट एवं समय-सारिणी के प्रकाशन के संबंध में जानकारी देने पर बताया गया कि बसों के निर्धारित रूट व समय-सारिणी का प्रकाशन कराया जा चुका है, जिससे व्यापारियों एवं आमजन को सुविधा मिल सके। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण एवं उ.प्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महामंत्री रमेश चंद्र अग्रहरि, जिलाध्यक्ष प्रवेश केसरवानी आदि उपस्थित रहे।

## चकबंदी कार्यों में लायी जाये तेजीः डीएम

बांदा। जिलाधिकारी जे. रीभा की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने चकबंदी कार्यों में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि इस वर्ष 5 बड़े गांव में धारा 52 की कार्रवाई पूर्ण की जाए। उन्होंने जिन ग्रामों में चकबंदी का कार्य संचालित हो रहा है ग्राम के अनुसार समीक्षा करते हुए चकबंदी अधिकारियों एवं सहायक चकबंदी अधिकारियों को चकबंदी कार्य को तेज गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मरौली बांगर में समझौता एवं आपत्ति प्राप्त करने का कार्य मार्च तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया त्रिवेणी में धारा 10 का प्रकाशन हो जाने के पश्चात कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। ग्राम कुलसारी में समझौता प्रक्रिया को पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम गाजीपुर में अवशेष वादों का निस्तारण करने तथा मार्च तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बरियारी में धारा 9 का प्रकाशन होने के पश्चात अन्य कार्य को तेज गति से साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# छात्राओं को मिली परीक्षा सहायक किट, आत्मविश्वास से आगे बढ़ने का संदेश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- नगर पालिका अध्यक्षा श्वेता भानू मिश्रा व प्रवीण मिश्रा 'भानू' ने किया वितरण
- समय प्रबंधन, अनुशासन और परिश्रम से सफलता संभव : श्वेता मिश्रा

उन्नाव। उन्नाव नगर पालिका अध्यक्षा श्वेता भानू मिश्रा ने बुधवार को नगर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता करते हुए कक्षा-12 की छात्राओं को बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु सहायक सामग्री किट वितरित की। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रमों में भारतीय जनता युवा मोर्चा उन्नाव के निवर्तमान जिलाध्यक्ष प्रवीण मिश्रा 'भानू' ने भी सहभागिता करते हुए छात्राओं को प्रेरणादायक संदेश दिया और परीक्षा उपयोगी किट का वितरण किया।

पी.एम. श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्रा विदाई समारोह- मोती नगर स्थित पी.एम. श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छ्छात्रा विदाई समारोहङ्क के अवसर पर कक्षा-12 की छात्राओं को परीक्षा सहायक किट प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या दीप शिखा मिश्रा, शिक्षिकाएं पूजा शुक्ला, चयति प्रभा, रिजवाना, शशि किरण दीक्षित, प्रेमलता दीक्षित, आशीष मिश्रा तथा सभासद दीपक दीक्षित 'मोनू' सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

डॉ. जी. नाथ जी इंटर कॉलेज, कल्याणी में वितरण कल्याणी स्थित डॉ. जी. नाथ जी इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में भी छात्राओं को बोर्ड परीक्षा के लिए उपयोगी सामग्री किट प्रदान की गई। प्रधानाचार्या कंचन भट्ट के साथ शिक्षिकाएं श्वेता सत्यार्थी, श्वेता मौर्य, शाहनूर, शिव देवी एवं अन्य शिक्षकगण कार्यक्रम में मौजूद रहे।

रानी शंकर सहाय इंटर कॉलेज में भी छात्राओं का उत्साहवर्धन-मोती नगर स्थित रानी शंकर सहाय इंटर कॉलेज में आयोजित छात्रा विदाई समारोह में भी कक्षा-12 की छात्राओं



को सहायक सामग्री किट वितरित की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्या रुचि श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षकगण एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

अध्यक्ष का संदेश- नगर पालिका अध्यक्षा श्वेता भानू मिश्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्ण आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर परिश्रम से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज बेटियां शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनकर समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा संचालित 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पहल उसी संकल्प का हिस्सा है, जिसमें बेटियों को शिक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य निहित है।

प्रवीण मिश्रा 'भानू' ने दिया प्रेरक संदेश- प्रवीण मिश्रा 'भानू' ने छात्राओं को मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व बताते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे युवा पीढ़ी अपने परिवार, समाज और राष्ट्र का नाम रोशन कर सकती है।

उन्होंने छात्राओं से परीक्षा को अवसर के रूप में लेने, सकारात्मक सोच बनाए रखने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है और बेटियां आज हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नई मिसाल कायम कर रही हैं।

अंत में नगर पालिका अध्यक्षा एवं प्रवीण मिश्रा 'भानू' ने छात्राओं को समय प्रबंधन, नियमित अध्ययन, स्वास्थ्य का ध्यान रखने और तनावमुक्त होकर परीक्षा देने की सलाह देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## संक्षिप्त समाचार

### जन्मजात दोषों से पीड़ित 116 बच्चों में 103 बच्चों की कराई गई सर्जरी

बांदा। सरकार की मंशा है कि जन्म से 18 वर्ष तक के जन्मजात दोषों से पीड़ित बच्चों का बेहतर इलाज कर उन्हें अच्छा जीवन दिया जाए। इसको लेकर बांदा में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के जरिए जन्मजात दोषों से पीड़ित बच्चों का निशुल्क इलाज कराकर उन्हें नया जीवन देने का काम किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा पहले जन्मजात दोषों से पीड़ित बच्चों की स्क्रीनिंग की जाती है। जिसके बाद बीमारी के आधार पर उनको बांदा के रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज व बड़े शहरों के अन्य संबंधित अस्पतालों में भर्ती कराया जाता है। जिसके बाद सर्जरी के जरिए बच्चों का बेहतर व निःशुक्ल इलाज कराया जाता है। बांदा में सन 2025-26 में जन्मजात दोषों से पीड़ित 116 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई। जन्मजात दोषों में जैसे रीढ़ की हड्डी, पैर व कूल्हे का टेढ़ा होना, होंठ कटे होना, तालू का तार जुड़ा होना, मोतियाबिंद, भेंगापन, अल्पविकसित दिमाग व दिल मे छेद होना आदि कई तरह के दोष शामिल हैं।

### बाँदा में हज यात्रियों के टीकाकरण शिविर का हुआ आयोजन

बाँदा। हज यात्रा 2026 में जाने वाले बाँदा व चित्रकूट के हज यात्रियों का प्रशिक्षण, मेडिकल स्क्रीनिंग, मेडिकल एग्जामिनेशन एवं वैक्सीनेशन का टीकाकरण बांदा शहर के खानकाह इंटर कालेज में संपन्न कराया गया। मास्टर हज ट्रेनर हाजी आरिफ़ खान ने बताया कि जनपद में सभी हज यात्रियों का मेडिकल स्क्रीनिंग, मेडिकल एग्जामिनेशन कराया जाएगा, 2 हज यात्री अनुपस्थित रहने की दिशा में मेडिकल स्क्रीनिंग, मेडिकल एग्जामिनेशन एवं वैक्सीनेशन टीकाकरण का कार्य नहीं कराया गया, साथ ही हज यात्रियों को विदेश यात्रा, इबादत, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक जानकारियां दी गयी, इस दौरान शहर काजी अक़ील मियां, मोली मुसर्रत हथोड़ा, कानपुर से आए हज एक्सपर्ट सै. मोहम्मद आकिब, मो. साकेब आलम, मौलाना सफीकुद्दीन कादरी, मौलाना हामिद रज़ा आदि ने हज उमराह के फराइज़, अरकान, व दीनी मसाइल, मदीना की हाज़री, लॉजिस्टिक आदि बयान किये, इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, मुमताज अली, हाजी अज़ीज़ उस समद, नसीम बेगम, सैयद खुर्शीद अनवर, मुसाब अहमद, आमिर मालिक, अरशद हुसैन, नासिर नेता, शब्बीर जुगनू, हाजी फसीउल्ला, बाबा फरीद, हाजी सईद अहमद, अजीज भाई, हाजी तारिक, इरशाद खान, वहीद नेता, सहित कमेटी के लोग, नामित टीकाकरण स्टाफ मौजूद रहें, किसी भी समस्या के लिया 9919887150 से संपर्क किया जा सकता है।

# मोहान में भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, हजारों मरीजों को मिला लाभ

- सीओ अरविन्द चौरसिया की पहल स्वयं भी कराया चेकअप

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

नवाबगंज(उन्नाव)। समाजसेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए सरस्वती मेडिकल कॉलेज द्वारा मोहान विधानसभा क्षेत्र के रामलीला मैदान में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने हजारों मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं दवाएं उपलब्ध कराईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों अरविन्द चौरसिया (सीओ हसनगंज) संस्थान के मुख्य वित्त अधिकारी आखिलेश मौर्या तथा



समरजीत यादव (नगर पंचायत अध्यक्ष मोहान) ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आमजन के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होते हैं और समाजसेवा का यह कार्य सराहनीय है।

शिविर के आयोजक आखिलेश मौर्या ने कहा कि जरूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना उनका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी इसी प्रकार के निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को समय पर इलाज और परामर्श मिल सके।

स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्थान के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर से हजारों लोगों को सीधा लाभ मिला है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की मौजूदगी, सभी विभागों की सेवाएं और व्यवस्थित व्यवस्थाओं के कारण यह स्वास्थ्य शिविर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

### मोहान में ऐतिहासिक निःशुल्क स्वास्थ्य महाशिविर सभी विभागों के विशेषज्ञों ने दिया परामर्श

मोहान। समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए सरस्वती हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर द्वारा मोहान विधानसभा क्षेत्र के रामलीला मैदान में भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सभी प्रमुख विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने हजारों मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श और दवाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम का शुभारंभ सीओ हसनगंज अरविन्द चौरसिया एवं मोहान नगर पंचायत अध्यक्ष समरजीत यादव ने फीता काटकर किया।

### इन विभागों की रही विशेष व्यवस्था

पोस्टर में उल्लेखित अनुसार शिविर में निम्न विभागों के विशेषज्ञ उपलब्ध रहे जनरल फिजिशियन बाल रोग चिकित्सा महिला एवं प्रसूति रोग चिकित्सा हड्डी रोग चिकित्सा दंत रोग चिकित्सा मानसिक रोग चिकित्सा नेत्र रोगइसके साथ ही आपातकालीन चिकित्सा एवं एम्बुलेंस सुविधा की जानकारी भी दी गई।इस दौरान डॉ सतेंद्र सिंह, डॉ मोहित सिंह, राहुल यादव, डॉ निखिल पवन सिंह आदि मौजूद रहे।

## मौरध्वज लीला देख भावुक हुए श्रद्धालु, रामलीला मंचन पर गूंज उठी वाहवाही

परियर। स्थानीय बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि पर्व तक चलने वाले भक्तिमय आयोजनों की श्रृंखला में शुक्रवार रात्रि श्री रास बिहारी रासलीला मंडल के निर्देशक अनुभव शुक्ला के निर्देशन में मौरध्वज लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। लीला का मार्मिक प्रसंग देख उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। पूरा परिसर भक्ति और श्रद्धा के भाव से सराबोर नजर आया। आयोजन में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भक्तों के सहयोग से कार्यक्रम बड़े धूमधाम से संपन्न हो रहे हैं। दिन में आयोजित रामलीला में सुबाहु वध, मारीच वध और ताड़का वध के जीवंत मंचन ने दर्शकों का मन मोह लिया। कलाकारों के सशक्त अभिनय पर मौके पर मौजूद लोगों ने जमकर तालियां बजाईं और वाहवाही की।

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एकांश यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची शीर्ष | Catering1205 |
| कार्य का विवरण | Allotment of catering Stall at PYGS station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.02.2026 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.02.2026 at 12:30 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under:

| SN | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PRAYAGRAJ SANGAM | Catg-LKO-PYGS-SMU-49-24-1 | PYGS/PF-4&5/109/ New | 23.02.2026 at 12:30 hrs. | SMU | SC |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 477/26

# पत्नी की हत्या से पसगवां में हड़कंप, पति गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अज़ान खीरी। पसगवां कोतवाली क्षेत्र के बरवर में स्थित सेमरा जानीपुर के मजरा दिलावरनगर से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां घरेलू विवाद के चलते एक पति ने अपनी पत्नी को बेरहमी से डंडों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, दिलावरनगर स्थित एक गौशाला में कार्यरत छविनाथ (लगभग 50 वर्ष) नामक व्यक्ति ने गुरुवार रात घरेलू कलह के कारण अपनी पत्नी सुजाता देवी (45) पर डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस बर्बर हमले से सुजाता गंभीर रूप से घायल हो गईं और खून से लथपथ हो गईं। परिवार के सदस्य आनन-फानन में सुजाता को सामुदायिक



स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मोहम्मदी ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह खबर जैसे ही गांव में फैली, ग्रामीणों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। इस घटना से पूरे गांव में आक्रोश के साथ-साथ दहशत का माहौल भी व्याप्त हो गया। लोग आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपी पति छविनाथ को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस गहनता से जांच में जुटी है। ग्रामीणों ने बताया कि छविनाथ और सुजाता के बीच पहले भी कई बार विवाद होते रहते थे। ग्रामीणों के अनुसार, आरोपी पति छविनाथ नशे का आदी था, जिसके चलते अक्सर घर में झगड़े होते रहते थे।

पुलिस इन सभी पहलुओं की जांच कर रही है ताकि घटना के पीछे के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है और लोग कानून व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि वे इस मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई पूरी कर आरोपी को सजा दिलाएंगे।

## विकसित भारत के निर्माण को गति देने वाला केंद्रीय बजटः संतोष गुप्ता

बांदा। भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत आम बजट को लेकर भारतीय जानता पार्टी द्वारा जिला कार्यालय में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई जिसमे मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य संतोष गुप्ता ने बजट पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रस्तुत आम बजट 2026-27 विकसित भारत के निर्माण को गति देते हुए भारत को आर्थिक आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की ओर ले जाने वाला है साथ ही देश के युवाओं, किसानों व मध्यम वर्गीय लोगो के कल्याण के लिए फायदे मंद है इस बजट से आम आदमी के जीवन को बेहतर बनने और विकसित भारत के संकल्प को मजबूती प्रदान होगी । इस बजट में किसानों के लिए सिचाई, फसल बीमा और भंडारन की सुविधाएं, युवको के लिए रोजगार व कौशल विकास , महिलाओ के लिए आत्म निर्भरता की योजनाये तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सड़क , जल संरक्षण व रोजगार प्रदान करना प्रमुख विशेषतायें है। बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए भी जल संकट समाधान सिचाई परियोजना , सड़क और बुनियादी ढाँचों पर विशेष ध्यान दिया गया है।

# थाना हैदराबाद में पीस कमेटी की बैठक थानाध्यक्ष ने परखीं सुरक्षा व्यवस्थाएं

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अजान खीरी। आगामी त्योहारों और परीक्षाओं के मद्देनजर तहसील गोला क्षेत्र के थाना हैदराबाद में 'पीस कमेटी' की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, संभ्रांत नागरिकों, मौलानाओं और संत-गुरुओं ने हिस्सा लिया। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष सुनील मलिक ने अपील की कि महाशिवरात्रि और रमजान जैसे पवित्र पर्वों को सभी समुदाय के लोग आपसी मिलजुल कर, सौहार्द और शांति के साथ मनाएं। उन्होंने शिव बारात के मार्ग और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की और पुलिस बल को क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि त्योहारों के दौरान यदि चुनावी गुटबाजी या किसी राजनीतिक दल को लेकर विवाद की स्थिति पैदा की गई, तो दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में बाद में




किसी भी सिफारिश या पैरवी को स्वीकार नहीं किया जाएगा। 18 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए जिन स्थानों पर लाउडस्पीकर लगे हैं, उनकी आवाज अत्यंत धीमी रखी जाए। यदि कहीं भी तय सीमा से अधिक आवाज में लाउडस्पीकर बजता पाया गया, तो उसकी सूचना तत्काल थाने को देने की अपील की गई है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या समस्या की स्थिति में जनता तुरंत पुलिस को सूचित करे। बैठक में उप निरीक्षक संतपाल लाल राठौर, जय नारायन यादव, खेमेन्द्र सिह,अशोक कुमार, कोटबारा ग्राम सुशील वर्मा

बांसगांव ग्राम प्रधान सोमनाथ मिश्र, अजान ग्राम प्रधान विपिनयादव,हैदराबाद पूर्व प्रधान चांद खान, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# स्थानीय विकास चौराहा पर पानी की फटी पाइप से हजारों लीटर पानी हुआ बर्बाद

- नगर पालिका पर लापरवाही का लगा आरोप

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। विकास चौराहा पर जल आपूर्ति की लोहे की पाइप पिछले तीन दिनों से फटी पड़ी होने से हजारों लीटर पेयजल सड़कों पर यूंही बह गया। स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना देने के बावजूद पानी की बर्बादी होती रही। जल निगम पानी रोक पानी में मूक दर्शक बना रहा। भारतीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष अनूप गुप्ता ने नगर पालिका प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने लगातार अधिशासी अधिकारी, जूनियर इंजीनियर आदर्श तथा जल निगम के ठेकेदार शिव भगवान को इस समस्या की सूचना दी।



लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिला अध्यक्ष ने कहा कि इतनी छोटी तकनीकी कमी को समय रहते ठीक किया जा सकता था, लेकिन नगर पालिका के कर्मचारियों और अधिकारियों के संज्ञान न लेने से हजारों लीटर पानी बर्बाद हो जाने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल मरम्मत कार्य शुरू कराने और पानी की बर्बादी रोकने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## एबीआई परियोजना तहत मेमोरी में बैठक आयोजित कर आलू उत्पादक किसानों को किया जागरूक

गोला गोकर्णनाथ खीरी। एबीआई परियोजना के तहत केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान क्षेत्रीय केंद्र, जालंधर द्वारा दि0 12 फरवरी को गोला के आदित्य रिजॉर्ट ममरी में आलू बीज में बिजनेस की संभावनाओं पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 120 आलू के किसानों, बीज उत्पादको, आलू हित धारकों ने भाग लिया। जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोसन व शेर जंग सिंह विर्क और उनके साथियों द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे सी पी आर आई के वैज्ञानिक डॉ सुखविंदर सिंह, डॉ प्रिंस कुमार एवं डॉ ब्रजेश नारे ने आलू उत्पादकों को आलू बीज की विधियो के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं बीज की खेती में बिजनेस की संभावनाओं के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में किसानों के साथ चर्चा की जिसमें किसानों द्वारा इस क्षेत्र को आलू बीज उत्पादन के प्रति दृढ़ संकल्प एवं प्रयास करने की इच्छाशक्ति प्रकट की।

# बुआई के समय सही गन्ना प्रजाति का करें चयन : वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। ब0हि0शु0 लिमिटेड चीनी मिल गोला द्वारा बसन्तकालीन गन्ना बुवाई में नई गन्ना प्रजातियों की बुवाई करने तथा उससे अधिक पैदावार प्राप्त करने के लिए चीनी मिल द्वारा ग्राम भल्लिया बुजुर्ग में वृहद गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उ0प्र0 गन्ना किसान संस्थान शाहजहांपुर के सहायक निदेशक एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ पी के कपिल एवं चीनी मिल के वरि0 महाप्रबन्धक (गन्ना) पी.एस. चतुर्वेदी के साथ अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इस गोष्ठी में उ0प्र0 गन्ना किसान संस्थान के सहायक निदेशक व वरिष्ठ वैज्ञानिक ने

बसन्तकालीन गन्ना बुआई में कृषकों को गन्ना प्रजाति को0 0238 रेडरॉट रोग से गम्भीर रूप से ग्रसित हो जाने के कारण इसकी बुआई में विशेष सावधानी बरतने तथा उन्नतशील गन्ना प्रजातियाँ को0 0118,15023 एवं कोलख0



14201 तथा निचले क्षेत्र के लिए को0 98014 व कोलख0 94184 की बुवाई करने हेतु प्रेरित किया तथा हरियाणा 119 (क्वट), कोशा0 91269 एवं पीबी0 95 जैसी अनामित व अस्वीकृत प्रजातियों की बुआई कदापि न करने की सलाह दी।

वरि0 महाप्रबन्धक (गन्ना) ने किसानों को गन्ना बुवाई के समय बीज के चुनाव में सावधानी बरतने तथा बीज के रूप में गन्ने के ऊपरी दो तिहाई हिस्से की बुवाई करने तथा 04 फिट की दूरी पर ट्रेंच विधि से गन्ना बोने से होने वाले लाभ की जानकारी दी। साथ ही गहरी जुताई करने से होने वाले लाभ के बारे में जैसे मिट्टी की जलधारण क्षमता बढ़ती है,मृदा में वायु संचार अच्छा होता है जिससे पैदावार बढ़ती है। और भूमि उपचार के लिए ट्राइकोडर्मा मिल द्वारा अनुदान पर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके प्रयोग से मृदा में उपस्थित हानिकारक फफूंद नष्ट हो जाते हैं तथा जमीन भुरभुरी हो जाती है। इसके साथ ही बीज उपचार हेतु फॅफूंदीनाशक थायोफिनेट मिथाइल भी अनुदान पर उपलब्ध कराया जा रहा है और उन्होंने बताया कि उन्नतशील गन्ना प्रजातियों का शुद्ध व निरोग बीज सुरक्षित किया गया है जिसे चीनी मिल के माध्यम से वितरित करने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही यह भी बताया कि मिलगेट एवं क्रयकेन्द्रों पर खुली खरीद की जा रही है, जिन कृषकों के पास चीनी मिल को आपूर्ति योग्य गन्ना अवशेष है, वह अपना गन्ना मिलगेट/ क्रयकेन्द्रों पर अपना कोड नं. देकर पर्ची प्राप्त कर गन्ना आपूर्ति कर ले।

# संक्षिप्त समाचार

## जन्मदिन के मौके पर मुख्यमंत्री से बच्चों की हुई मुलाकात हुआ सुखद अनुभव



गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला नगर निवासी पालिया से भाजपा विधायक रोमी साहनी की दोनों बेटे अंकित साहनी एवं बदल साहनी के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मा0 योगी आदित्यनाथ से हुई भेंट वार्ता में आत्मीय एवं सुखद भेंट मे बच्चों को सौभाग्य प्राप्त हुआ। जन्मदिन के उपरांत उनका स्नेह, आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन पाकर मन भावुक और ऊर्जा से परिपूर्ण हो उठा। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी से हमारे प्रतिष्ठान 'द हेजलनट फैक्ट्री' के विषय में विस्तृत चर्चा करने का अवसर मिला। जनसेवा के पथ पर चलने पर उनका आशीर्वाद सदैव प्रेरणा देता है।

## फार्म–6 भरते समय जन्म तिथि एवं आवासीय पते साक्ष्य के तौर मान्य है आधार कार्डः एडीएम

बांदा। अपर जिलाधिकारी /उप जिला निर्वाचन अधिकारी बांदा कुमार धर्मेन्द्र ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु फार्म-6 भरते समय जन्म तिथि एवं आवासीय पते के साक्ष्य के रूप में आधार कार्ड मान्य है। जन्मतिथि के साक्ष्य के रूप में आधार कार्ड के अलावा भी पाँच अन्य विकल्प उपलब्ध है जिनमें से भी कोई एक दस्तावेज साक्ष्य के रूप में मान्य होगा इसी प्रकार आवासीय पत्ते के साक्ष्य के रूप में आधार कार्ड के अलावा छह अन्य विकल्प उपलब्ध है जिनमें से भी कोई एक दस्तावेजी साक्ष्य के रूप में मान्य होगा। इन सारे दस्तावेजी विकल्पों की लिस्ट फार्म 6 में ही दी गई है। विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण यानी ैप् में फॉर्म 6 भरते समय नयी बात यह है कि फॉर्म-6 के साथ एक घोषणा पत्र भी देना है जिसमें आवेदक को विगत विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण 2003 की अंतिम मतदाता सूची में स्वयं का अथवा स्वयं के माता-पिता, दादा-दादी, नाना नानी में से किसी एक व्यक्ति का नाम खोज कर उसकी सूचना घोषणा पत्र में भरनी है। यदि आप यह कर लेते हैं तो फिर बिना किसी अतिरिक्त दस्तावेजी साक्ष्य के आपका नाम मतदाता सूची में जूड जाएगा।

## ओवरलोड वाहनों पर की जाये प्रभावी कार्यवाहीः डीएम

बांदा। जिलाधिकारी जे0रीभा की अध्यक्षता में कलेक्टैंड्रट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आम जन मानस को यातायात नियमों का पालन व हेलमेट/सीटबेल्ट का उपयोग करने हेतु जागरूक किये जाने के निर्देश दिये।उन्होंने ओवरलोड वाहनों पर प्रभावी कार्यवाही किये जाने के निर्देश पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने प्रमुख चौराहों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने हेतु प्रमुख चौराहों में नुक्कड नाटक, रैली एवं सड़क सुरक्षा शपथ दिलाये जाने का आयोजन किये जाने के निर्देश जिला विद्यालय निरीक्षक को दिये। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिएस, कोई भी खराब ट्रक बाबहन सड़क के किनारे खड़ा नहीं किया जाएगास, उन्होंने श्रीनाथ बिहार एवं सेंट जेवियर स्कूल के सामने विद्युत के तारों को ठीक कराए जाने के निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिएस, उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं के कारणों को चिन्हित कर आवश्यक उपाय किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# बलेनो कार व मोटरसाइकिल की टक्कर में पत्नी गंभीर घायल, पति व बच्ची को मामूली चोटें

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अज़ान खीरी। थाना हैदराबाद की अज़ान चौकी क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। अज़ानऽघरथनिया मार्ग पर ग्राम इमलिया स्थित बरमबाबा स्थल के पास बलेनो कार और मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर में कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंदक में जा गिरी। हादसे में कार सवार पति-पत्नी व उनकी दो साल की बच्ची घायल हो गए, जिनमें पत्नी की हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लीलापुर निवासी अवनीश कुमार वर्मा (30) शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे अपनी पत्नी प्रीति वर्मा और दो वर्षीय बच्ची के साथ कार से ससुराल संसारपुर बोझिया जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार ग्राम इमलिया के पास बरमबाबा देवस्थान के निकट पहुँची, तभी चढ़िया मदनी



निवासी रामू पुत्र राजेंद्र प्रसाद ने अपनी मोटरसाइकिल बिना संकेत दिए अचानक दाहिनी ओर मोड़ दी। इसी दौरान कार और मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार सड़क किनारे खंदक में जा गिरी और दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। कार में सवार तीनों लोग अंदर फँस गए। सूचना मिलते ही राहगीरों और ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को बाहर निकाला। हादसे में प्रीति वर्मा को गंभीर चोटें आईं, जबकि अवनीश कुमार वर्मा और बच्ची को मामूली चोटें लगीं। गनीमत रही कि मोटरसाइकिल चालक को गंभीर चोट नहीं आई, हालांकि उसकी बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को निजी वाहन से उपचार के लिए गोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहाँ उनका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे का कारण मोटरसाइकिल चालक द्वारा बिना संकेत दिए अचानक सड़क पार करना बताया जा रहा है।

## गांधी जी का यह अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान नारों के साथ कांग्रेसियों ने निकाली पद यात्रा

बांदा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के निर्देशानुसार मुख्य अतिथि/पर्यवेक्षक पुष्पेन्द्र सिंह की उपस्थिति में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान पदयात्रा ग्राम पंचायत तिंदवारा में जिले भर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एवम् मनरेगा मजदूर तिंदवारा सहित अन्य ग्राम पंचायतों में पदयात्रा आयोजित की गई। मुख्य अतिथि पर्यवेक्षक पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि केन्द्र में काबिज भाजपा सरकार मनरेगा जैसी योजना का नाम बदलकर गरीब, मजदूर, किसानों के अधिकारों का हनन किया गया, कांग्रेस उनके अधिकारों के लिए निरन्तर संघर्षरत रहेगी। वर्तमान सरकार मनरेगा जैसी योजना से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी हटाकर उसके स्वरूप को बदलने को लेकर कंाग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ष्कांग्रेस शासन काल में मनरेगा जैसी योजना गरीब तबके के चतुर्मुखी उत्थान के लिए लाई गई थी, केन्द्र में बैठी भाजपा सरकार द्वारा नाम ही परिवर्तित किया गया।

# प्रदेश व्यापी 'मनरेगा बचाओ संघर्ष' के तहत मोहम्मदी में कांग्रेस की पदयात्रा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। प्रदेश व्यापी 'मनरेगा बचाओ संघर्ष' कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार, 13 फरवरी को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नगर कांग्रेस कमेटी मोहम्मदी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इसके उपरांत मनरेगा मजदूरों की समस्याओं को लेकर एक व्यापक पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा की शुरुआत बरबर चौराहे पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद यात्रा मोहम्मदी तहसील गेट पहुँची, जहाँ नारेबाजी करते हुए मनरेगा मजदूरों से जुड़े मुद्दों जैसे रोजगार के अवसर, समय पर मजदूरी भुगतान और कार्य दिवसों की उपलब्धता,पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात पदयात्रा गुलौली रोड से होते हुए ग्राम बरौली, धर्मपुर, शहदेवा, शंकरपुर चौराहा, बौधीकला, बहटी अफगान, पांडेवारी और सुखबसा होते हुए पुनः डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर पहुँची, जहाँ कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप



से पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा, एआईसीसी सदस्य अशफाक उल्ला खान, कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर बंशीधर मिश्रा, मोनिश अली नकवी, यूसुफ खान, शहर अध्यक्ष रियाज मोनू, जिला कोऑर्डिनेटर मनरेगा शिप्रा अवस्थी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. महेंद्र गौतम, कार्यक्रम आयोजक डॉ. विनोद कुमार तिवारी सहित आरिफ खान, सुबोध अवस्थी, कल्लू मिश्रा, मुन्नालाल शुक्ला, कमर अहमद, अब्दुल रहीम, रघुनंदन राज पासी, सबी खान, फकीर मोहम्मद, मोहम्मद वकार अहमद, शाहिद आदि सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की कार्यक्रम के माध्यम से वक्ताओं ने मनरेगा को कमजोर करने के प्रयासों का विरोध करते हुए मजदूरों के हक में संघर्ष जारी रखने का संकल्प दोहराया।

# मैलानी में डिग्री कॉलेज की मांग को विधान परिषद में उठाने पर अनूप गुप्ता का आभार



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मैलानी खीरी। अनूप गुप्ता, विधान परिषद सदस्य उत्तर प्रदेश सरकार एवं प्रदेश महामंत्री भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश का नगर पंचायत मैलानी की अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी, उनके पति भवानी शंकर माहेश्वरी, भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं तथा नगर एवं क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया गया है। नगर पंचायत मैलानी क्षेत्र में डिग्री कॉलेज की स्थापना की लंबे समय से लंबित मांग, जो स्वतंत्रता के 75 वर्षों के बाद भी पूरी नहीं हो सकी थी, को विधान परिषद में मजबूती से उठाने के लिए सभी ने अनूप गुप्ता का हृदय से आभार जताया। बताया गया कि नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति माहेश्वरी ने मैलानी क्षेत्र के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए यह विषय सदन में उठाने का अनुरोध किया था। जनहित की इस भावना का सम्मान करते हुए अनूप गुप्ता ने मुद्दे को सदन में रखकर क्षेत्र की आवाज को सरकार तक पहुँचाया। जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने इसे शिक्षा के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताते हुए आशा व्यक्त की कि शीघ्र ही डिग्री कॉलेज की स्थापना की प्रक्रिया पूर्ण होगी, जिससे मैलानी क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को अपने नगर में ही उच्च शिक्षा की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

परियर। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र की परियर चौकी अंतर्गत परियरऽबिठूर मार्ग पर माना बगला तिराहे के पास शुक्रवार रात भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। परियर से बिठूर की ओर जा रहे बाइक चालक को बिठूर की तरफ से तेज गति से आ रही अर्टिका कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार बाइक सहित गहरी खंती में जा गिरा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सुरेंद्र पुत्र बउआ कठेरिया (30) निवासी परियर के रूप में हुई है। बताया गया कि वह रात लगभग नौ बजे घर से शुक्लागंज जाने की बात कहकर निकला था। सुबह ग्रामीणों ने परिजनों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे परियर चौकी प्रभारी अनिल कुमार राजपूत ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक की शादी नौ वर्ष पूर्व प्रीति के साथ हुई थी। उसके दो पुत्र और एक पुत्री हैं।

# पुलिस अधीक्षक खीरी ने रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। जनपद की कानून-व्यवस्था और पुलिस बल की कार्यक्षमता को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक खीरी डा. ख्याति गर्ग ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन खीरी के परेड ग्राउंड में आयोजित साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस बल को शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रखने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों की परेड ड्रिल कराई गई। परेड में पुलिस लाइन का पुलिस बल, विभिन्न कार्यालयों में तैनात पुलिसकर्मी तथा प्रशिक्षु रिक्रूट आरक्षी शामिल रहे। परेड उपरांत पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी व स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट बनाए रखने के



निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभी शाखाओं एवं कार्यालयों का भ्रमण कर अभिलेखों का अवलोकन किया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव एवं समय-समय पर अद्यतन रखने पर जोर दिया गया। अंत में पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण करते हुए मेस का भी जायजा लिया गया। उन्होंने भोजनालय में उपलब्ध समस्त मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों में अनुशासन और सजगता देखने को मिली। यह निरीक्षण पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# जिम्बाब्वे ने आस्ट्रेलिया को 23 रन से हराकर किया उलटफ़ेर

एजेंसी



कोलंबो। सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट की नाबाद 64 रन की पारी तथा तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी और ब्रैड इवांस की घातक गेंदबाजी की मदद से जिम्बाब्वे ने शुक्रवार को यहां पूर्व चैंपियन आस्ट्रेलिया को 23 रन से हराकर टी20 विश्व कप में बड़ा उलटफेर किया। जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद दो विकेट पर 169 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 19.3 ओवर में 146 रन पर ढेर हो गई। मुजरबानी ने 17 रन देकर चार और इवांस ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से केवल मैट रेनशॉ ही संघर्ष कर पाए। उन्होंने 44 गेंद पर 65 रन बनाए जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल है। जिम्बाब्वे ने इससे पहले 2007 के टी20 विश्व कप में भी ऑस्ट्रेलिया को हराया था। चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया के इस हार से समीकरण बिगड़ गए हैं जबकि जिम्बाब्वे लगातार दूसरी जीत से चार अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। बेनेट ने 56 गेंदों पर सात चौके लगाकर जिम्बाब्वे के लिए मजबूत स्कोर की नींव रखी। जिम्बाब्वे ने 15 ओवर तक एक विकेट पर 125 रन बना लिए थे लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम ओवरों में वापसी की और आखिरी पांच ओवरों में केवल 44 रन ही दिए। विकेटकीपर तादिवानाशे मारुमानी (35) और रयान बर्ल (35) ने भी उपयोगी योगदान दिया, जबकि कप्तान सिकंदर रजा 13 गेंदों पर 25 रन बनाकर नाबाद रहे। जिम्बाब्वे के विकेट बचे हुए थे और वह जोखिम भरे शॉट खेल सकता था लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। उसकी पूरी पारी में सिर्फ एक छक्का लगा। ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले पांच ओवर के अंदर ही 29 रन पर चार विकेट गंवा दिए। जोश इंग्लिश (08) में पारी के पहले ओवर में सिकंदर रजा पर छक्का लगाया। इस ओवर में 13 रन बने लेकिन इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की पारी लड़खड़ा गई। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए मुजरबानी ने पारी के दूसरे ओवर में अपनी पहली गेंद पर ही इंग्लिस को आउट कर दिया जबकि कैमरन ग्रीन और टिम डेविड खाता भी नहीं खोल पाए। इवांस ने ग्रीन को विकेट के पीछे कैच कराया जबकि मुजरबानी ने डेविड को आउट करके अपना दूसरा विकेट लिया। विकेटों के पतन की कहानी यहीं पर नहीं रुकी तथा कार्यवाहक कप्तान ट्रैविस हेड (17) पांचवें ओवर में इवांस की गेंद को अपने विकेट पर खेल गए। ऑस्ट्रेलिया ने पावर प्ले में चार विकेट पर 38 रन बनाए। रेनशॉ और ग्लेन मैक्सवेल (32 गेंद पर 31 रन) ने इसके बाद विकेट बचाए रखने को प्राथमिकता दी और पांचवें विकेट के लिए 59 गेंद में 77 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 11 ओवर तक चार विकेट पर 72 रन था। मैक्सवेल ने इसके बाद वेलिंगटन मासाकादजा पर छक्का लगाकर अपने हाथ खोले जबकि रेनशॉ ने भी इसी गेंदबाज के अगले ओवर में छक्का और चौका लगाया। इसके बाद लेग स्पिनर रयान बर्ल ने गेंद थामी और अपने पहले ओवर में ही मैक्सवेल को बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया को करारा झटका दिया। मार्कस स्टोइनिस (06) ने चौका जड़कर खाता खोला लेकिन मासाकादजा ने उन्हें अगले ओवर में पवेलियन की राह दिखा दी। मुजरबानी ने इसके बाद रेनशॉ को मिड ऑफ पर कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया की सही उम्मीद को भी समाप्त कर दिया।

# तारिक का सामना करने के लिए अश्विन की भारत को सलाह, जब वह रुके तो बस क्रीज से दूर हट जाएं

एजेंसी



नयी दिल्ली। दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पाकिस्तान के ऑफ स्पिनर उस्मान तारिक की अनूठी साइड आर्म एक्शन से की गई गेंदों का सामना करने के लिए भारतीय बल्लेबाजों के लिए एक सरल सुझाव दिया है कि जब 'वह गेंद फेंकने से पहले रुके तो बस क्रीज से दूर हट जाएं। तीस वर्षीय तारिक की रुक-रुक कर गेंदबाजी करने की शैली काफी चर्चा में है। उन्होंने अब तक केवल चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और प्रति ओवर छह रन से भी कम के इकॉनमी रेट से 11 विकेट लिए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को होने वाले मैच में वह प्रेमदासा स्टेडियम की धीमी पिच पर निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर कहा, ''अगर गेंदबाज गेंद फेंकने से पहले थोड़ा रुक जाता है, तो बल्लेबाज को दूर हटने का अधिकार है। वह कह सकता है कि 'मुझे लगा कि वह रुक रहा है।' यह एक दिलचस्प मामला होगा और अंपायर के लिए बड़ी परेशानी खड़ी कर देगा। उन्होंने कहा, ''अगर मैं वहां होता तो मैं भी यही करता। मैच जीतने के लिए नियमों के दायरे में रहकर हर संभव प्रयास करना चाहिए। मैं बस इतना कहता कि मुझे नहीं पता कि वह गेंद कब छोड़ेगा और मैं एक तरफ हट जाता। अगर मैं हट जाता हूं, तो यह अंपायर की जिम्मेदारी होगी। अश्विन ने कहा, ''मैच के बीच में उस्मान तारिक पर पड़ने वाले दबाव की कल्पना कीजिए। यह एक अविश्वसनीय रोमांचक अनुभव होगा। वह उनकी टीम का तुरुप का इक्का है। जरा सोचिए अगर बल्लेबाज इस तरह की प्रतिक्रिया करता है तो वह क्या कर सकता है। तारिक के अनोखे एक्शन को लेकर क्रिकेट जगत की अलग अलग राय है। अश्विन ने पहले उनका समर्थन किया था। पाकिस्तान तारिक का इस्तेमाल बहुत कम कर रहा है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने उनके गेंद फेंकने से पहले थोड़ी देर के लिए रुकने की शैली को अवैध करार दिया था जिसके बाद से वह क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बने हुए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कॉटलैंड पर बड़ी जीत से अपना अभियान पटरी पर लाना चाहेगा इंग्लैंड

**कोलकाता।** अब तक अपेक्षित प्रदर्शन करने में नाकाम रही इंग्लैंड की टीम को अगर सुपर आठ में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे स्कॉटलैंड के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के मैच में बड़ी जीत हासिल करनी होगी। वेस्टइंडीज लगातार दो जीत के साथ इस ग्रुप में शीर्ष पर है, जबकि स्कॉटलैंड, इटली और इंग्लैंड तीनों ने एक-एक जीत हासिल की है। नेट रन रेट के आधार पर स्कॉटलैंड ने इटली पर मिली बड़ी जीत से दूसरा स्थान हासिल किया है। इसलिए शनिवार को होना वाला मैच दूसरे स्थान की दौड़ में किसी भी टीम को निर्णायक बढ़त दिला सकता है क्योंकि इन दोनों टीम से अपने अंतिम ग्रुप मैच जीत हासिल करने की उम्मीद है। अपने अंतिम लीग मैच में स्कॉटलैंड का सामना नेपाल से और इंग्लैंड का इटली से होगा। इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच प्रतिद्वंद्विता लंबे समय से चली आ रही है। स्कॉटलैंड ने कुछ अवसरों पर इंग्लैंड को हराया भी है और उसकी टीम इस मैच में अपने उस प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। स्कॉटलैंड के सलामी बल्लेबाज जॉर्ज मुन्सी और माइकल जोन्स ने 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था। इन दोनों बल्लेबाजों ने तब इंग्लैंड के दिग्गज स्पिनर आदिल रशीद के दो ओवर में 26 रन बनाए थे और उनका मुकाबला एक बार फिर से देखने लायक होगा। पूर्व चैंपियन इंग्लैंड पर वेस्टइंडीज के खिलाफ 30 रन की हार के बाद दबाव बढ़ गया है। इससे हैरी ब्रुक के नेतृत्व वाली टीम मुश्किल स्थिति में पहुंच गई है। नेपाल के खिलाफ अपने शुरुआती मैच में भी उसकी टीम हार के कगार पर पहुंच गई थी लेकिन आखिर में वह चार रन से जीत हासिल करने में सफल रही। वानखेड़े की पिच पर मिली हार ने स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ इंग्लैंड की लगातार बढ़ती कमजोरी को भी उजागर कर दिया। वेस्टइंडीज के खिलाफ 197 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और आखिर में 19 ओवर में 166 रन पर आउट हो गई। इंग्लैंड का कम रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ रिकॉर्ड भी बहुत अच्छा नहीं है। उसने टी20 विश्व कप में निचली रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ नौ मैच खेले हैं, जिनमें से चार में जीत हासिल की है और तीन में उसे हार का सामना करना पड़ा है। उसे दो बार नीदरलैंड से और एक बार आयरलैंड से हार मिली। बांग्लादेश के भारत में खेलने से इनकार करने के बाद विश्व कप में नाटकीय रूप से देर से प्रवेश करने के बावजूद स्कॉटलैंड ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उसे पहले मैच में वेस्टइंडीज से हार का सामना करना पड़ा था लेकिन दूसरे मैच में उसने इटली को हराकर अच्छी वापसी की। इस मैच में उसके बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। टीम अपनी इस लय को बरकरार रखने के लिए उत्साहित होगी।

### पाकिस्तान के खिलाफ अर्शदीप की जगह कुलदीप को उतारे भारत: गावस्कर

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को उम्मीद है कि रविवार को कोलंबो में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप मैच में भारतीय टीम तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की जगह लेग स्पिनर कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में शामिल करेगी। नामीबिया के बल्लेबाजों ने गुरुवार को अर्शदीप की जमकर धुनाई की और उन्होंने अपने कोटे के चार ओवर भी पूरे नहीं किए। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा, ''हमारे सभी गेंदबाजों ने विकेट लिए। अर्शदीप ने अपने चार ओवर पूरे नहीं किए, जबकि शिवम दुबे ने दो ओवर और हार्दिक ने अपना कोटा पूरा किया। इससे संकेत मिलता है कि कुलदीप यादव पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अर्शदीप की जगह ले सकते हैं। उन्होंने कहा, ''श्रीलंका की पिचें स्पिनरों के लिए मददगार हैं और भारत का तीन स्पिनरों के साथ खेलने का इतिहास रहा है। मुझे उम्मीद है कि कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच में कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल किया जाएगा। गावस्कर ने कहा कि भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच को ध्यान में रखते हुए ही अपनी गेंदबाजी में बदलाव किये। उन्होंने कहा, ''हार्दिक ने पहला ओवर किया जिससे संकेत मिलता है कि अर्शदीप पाकिस्तान के खिलाफ शायद नहीं खेलेंगे। वरुण चक्रवर्ती ने केवल दो ओवर फेंके और अगर उन्होंने अपने पूरे चार ओवर फेंके होते तो वह पांच या छह विकेट ले लेते। गावस्कर ने कहा, ''वरुण की सबसे अच्छी बात यह है कि जब भी उसे गेंदबाजी करने के लिए कहा जाता है, वह विकेट लेता है। अक्षर पटेल ने तीन ओवर में दो विकेट लिए, यह अच्छा संकेत है। गावस्कर ने इसके साथ ही कहा कि अस्वस्थ अभिषेक शर्मा की जगह अंतिम एकादश में बल्लेबाज के रूप में शामिल किए गए संजू सैमसन को क्रीज से काफी दूर जाकर खेलने में परेशानी हो रही है। सैमसन आठ गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें तीन छक्के शामिल थे। उन्होंने कहा, ''संजू सैमसन की समस्या तकनीकी है। वह क्रीज में बहुत पीछे चले जाते हैं और फ्लिक शॉट खेलते हैं। उन्हें सुधार करने की जरूरत है, खासकर जब वह पारी की शुरुआत करते हैं।

### बीच के ओवरों में खेल को धीमा करना चाहते थे: इरास्मस

**नयी दिल्ली।** नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में भारत के खिलाफ शिकस्त के बाद कहा कि मेजबान टीम की तूफानी शुरुआत के बाद वे खेल को धीमा करना चाहते थे और काफी हद तक इसमें सफल भी रहे। भारत ने सात ओवर में एक विकेट पर 104 बनाकर तूफानी शुरुआत की थी लेकिन ऑफ स्पिनर इरास्मस (20 रन पर चार विकेट) की अगुआई में गेंदबाजों ने नामीबिया को वापसी दिलाई और मेजबान टीम अंतिम 13 ओवर में 105 रन ही जोड़ सकी। इरास्मस ने नामीबिया की 93 रन की हार के बाद संवाददाताओं से कहा, '' बीच के ओवरों में खेल को धीमा करना हमेशा हमारी योजना का हिस्सा था। मुझे लगता है कि भारतीय टीम काफी लंबे समय से किसी भी तरह की तेज गेंदबाजी या किसी अन्य ऐसी चीज से नहीं डरती। इसलिए मुझे लगता है कि हमारा हथियार हमेशा अमेरिका की तरह ही था।

### अभिषेक पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के लिए पूरी तरह से फिट: वरुण

नयी दिल्ली। भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने कहा है कि पेट के संक्रमण से उबर रहे आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के महत्वपूर्ण मुकाबले में खेलने के लिए पूरी तरह फिट दिख रहे हैं। अभिषेक अस्वस्थ होने के कारण गुरुवार को नामीबिया के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाए थे। पेट के संक्रमण के कारण उन्हें दो दिन अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा था। चक्रवर्ती ने कहा कि यह सलामी बल्लेबाज बेहतर महसूस कर रहा है और उन्हें लगता है कि अगला मैच खेल सकता है। चक्रवर्ती ने कहा, ''मुझे लगता है कि वह अगला मैच खेलेगा। मुझे उसकी स्थिति के बारे में पूरी तरह नहीं पता। लेकिन मैंने उससे बात की है, वह अच्छी स्थिति में लग रहा है। उसने आज कुछ अभ्यास भी किया। उसने बताया कि वह वापसी की प्रक्रिया में है। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस के समय कहा था कि अभिषेक पूरी तरह फिट होने से पहले एक या दो

# ग्रुप में बादशाहत बनाने के लिए एक दूसरे का सामना करेंगे दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड

एजेंसी



अहमदाबाद। न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका का सुपर आठ में पहुंचना तय है और ऐसे में शनिवार को यहां जब दोनों टीम आमने-सामने होंगे तो उनका लक्ष्य टी20 विश्व कप के ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल करने की अपनी कोशिशों को अमली जामा पहनाना होगा। दोनों टीमों ने अपने शुरुआती दो मैच जीते हैं। न्यूजीलैंड ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। अफगानिस्तान को छह विकेट पर 186 रन पर रोकने के बाद न्यूजीलैंड ने टिम सीफर्ट के 65 रन तथा ग्लेन फिलिप्स (42), मार्क चैपमैन (28) और डैरिल मिशेल (नाबाद 25) के योगदान की बदौलत 17.5 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर दिया। इससे पहले सीफर्ट और फिन एलन के शानदार प्रदर्शन से न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से हराया था। उसने केवल 15.2 ओवरों में 174 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया था। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने दबाव में संयम बनाए रखते हुए अपनी आक्रामक क्षमता का बेहतरीन नमूना पेश किया है। उन्होंने कनाडा के खिलाफ चार विकेट पर 213 रन बनाए, जिसमें कप्तान एडन मार्क्रम ने 32 गेंदों में 59 रन, डेविड मिलर (नाबाद 39) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 34) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके बाद गेंदबाजी में लुंगी एनगिडी के 31 रन पर चार विकेट की मदद से उसने आसानी से जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका को हालांकि अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर ओवर तक खिंचे मैच में जीत हासिल करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगानी पड़ी। क्विंटन डीकॉक (59) और रयान रिकेल्टन (61) की शानदार पारियों की मदद से उसने छह विकेट पर 187 रन बनाए लेकिन रहमानुल्लाह गुरबाज के 84 और रन की बदौलत अफगानिस्तान ने मुकाबला टाई कर दिया। दक्षिण अफ्रीका ने एक रोमांचक डबल सुपर ओवर में जीत हासिल की, जिसमें मिलर और स्टब्स ने दबाव में शानदार प्रदर्शन किया। दक्षिण अफ्रीका ने अपने दोनों मैच इसी मैदान पर खेले हैं और वह यहां की पिच और परिस्थितियों से अच्छी तरह परिचित हैं जिसका उसे फायदा मिल सकता है। अहमदाबाद की पिच पर अच्छी उछाल मिली है जिससे स्ट्रोक खेलने में मदद मिली है। इसके साथ ही तेज गेंदबाजों को भी मदद मिली है। कैगिसो रबाडा और एनगिडी की अगुवाई में दक्षिण अफ्रीका का तेज गेंदबाजी आक्रमण पहले ही परिस्थितियों के अनुकूल ढल चुका है और उसके बल्लेबाजों ने विभिन्न मैच परिस्थितियों का अच्छी तरह से सामना किया है। सीफर्ट और फिन एलन की आक्रामक शुरुआत ने मैच का माहौल बना दिया है, लेकिन दक्षिण अफ्रीका का नई गेंद का आक्रमण उन्हें शुरुआत में ही कड़ी चुनौती देगा।

### टी20 विश्व कप से बाहर हुए ब्रेंडन टेलर,हैमस्ट्रिंग चोट बनी वजह

नई दिल्ली। जिम्बाब्वे के अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर हैमस्ट्रिंग चोट के कारण चल रहे टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकन्दर रजा ने शुक्रवार को कोलंबो में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले से पहले टॉस के दौरान इसकी पुष्टि की। 40 वर्षीय टेलर को टूर्नामेंट के पहले मैच में ओमान के खिलाफ खेलते समय चोट लगी थी। वह 30 गेंदों पर 31 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। इससे पहले उन्होंने विकेट के पीछे तीन कैच भी लपके थे। जिम्बाब्वे टीम ने फिलहाल टेलर के स्थान पर किसी आधिकारिक रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की है। हालांकि टीम के टूर्नामेंट में कम से कम दो और मैच बाकी हैं, ऐसे में जल्द ही नए खिलाड़ी के नाम का ऐलान होने की संभावना है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले में तादिवानाशे मरुमानी विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी निभा रहे हैं, जबकि ऑलराउंडर टोनी मुन्योंगा को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया है।

# ओमान के खिलाफ आयरलैंड के कप्तान स्टर्लिंग को करना होगा प्रेरणादायी प्रदर्शन

एजेंसी

कोलंबो। आयरलैंड की लगातार दो हार के बाद सुपर आठ में पहुंचने की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं लेकिन शनिवार को यहां ओमान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप मैच में वह अपने कप्तान पॉल स्टर्लिंग से प्रेरणादायी प्रदर्शन की उम्मीद करके जीत हासिल करना चाहेगा। दोनों टीमों ने अब तक अपने दोनों मैच में हार का सामना किया है और वे टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिए बेताब होंगी। आयरलैंड को सह-मेजबान श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया से क्रमशः 20 और 67 रन से हार का सामना करना पड़ा, वहीं ओमान को जिम्बाब्वे ने आठ विकेट से और श्रीलंका ने 105 रन से करारी शिकस्त दी। बड़े टूर्नामेंटों में खेलने के अनुभव के आधार पर आयरलैंड की टीम ओमान के खिलाफ जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। ओमान की टीम में अधिकतर भारतीय और पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ी शामिल हैं। आयरलैंड को अच्छी तरह पता है कि टूर्नामेंट में बने रहने की अपनी धुंधली उम्मीद को बरकरार रखने के लिए उसे बड़ी जीत हासिल करनी होगी, जबकि ओमान दो करारी हार के बाद अपनी काबिलियत साबित करने की कोशिश करेगा। आयरलैंड की बल्लेबाजी कमजोर रही है और स्टर्लिंग अभी तक टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। बड़ा स्कोर बनाने के लिए वह कप्तान की फॉर्म पर काफी हद तक निर्भर करेगा। आयरलैंड के बल्लेबाजी विभाग को मजबूत करने के लिए रॉस एडायर, हैरी टेक्टर, लोरकान टकर और कर्टिस कैम्फर जैसे खिलाड़ियों को अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने की जरूरत है। बाएं हाथ के स्पिनर जॉर्ज डॉकरेल अब तक टूर्नामेंट में आयरलैंड के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने किफायती गेंदबाजी करने के अलावा विकेट भी लिए हैं लेकिन उन्हें तेज गेंदबाज मार्क एडायर और बैरी मैकार्थी तथा और स्पिनर मैथ्यू हम्फ्रीज और गैरेथ डेलानी जैसे गेंदबाजों से सहयोग की जरूरत है। दूसरी ओर ओमान के पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है लेकिन आयरलैंड के खिलाफ जीत हासिल करना उसके लिए बड़ी उपलब्धि होगी। इन दोनों टीमों के बीच अभी तक पांच मैच खेले गए हैं जिनमें आयरलैंड ने चार बार जीत हासिल की है, जबकि ओमान ने अक्टूबर 2019 में एक जीत दर्ज की थी। ओमान भी बल्लेबाजी में संघर्ष कर रहा है। उसने जिम्बाब्वे और श्रीलंका के खिलाफ क्रमशः 103 और नौ विकेट पर 120 रन बनाए। ओमान को जतिंदर सिंह, आमिर कलीम, हम्माद मिर्ज़ा और बड़े शॉट लगाने वाले विनायक शुक्ला जैसे बल्लेबाजों से दमदार प्रदर्शन करने की जरूरत है।

### जनवरी महीने में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 13 फीसदी बढ़ी: सियाम

नई दिल्ली। जनवरी महीने में कार, बाइक और तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री में मजबूत बढ़त दर्ज की गई है। घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 13 फीसदी बढ़कर 4,49,616 इकाई हो गई। पिछले साल जनवरी में यह 3,99,386 इकाई रही थी। उद्योग संगठन सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि जनवरी में दोपहिया वाहनों की बिक्री 26 फीसदी बढ़कर 19,25,603 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल जनवरी में यह 15,26,218 इकाई थी। उद्योग संगठन के अनुसार तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर 30 फीसदी बढ़कर 75,725 इकाई हो गई, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 58,167 इकाई रही थी। सियाम के ताजा आंकड़े बताते हैं कि बाजार में मांग का माहौल सुधरता नजर आ रहा है।

# एनबीए: लेब्रोन जेम्स ने रचा इतिहास, ट्रिपल-डबल लगाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने

लॉस एंजेलिस। दिग्गज बास्केटबॉल खिलाड़ी लेब्रोन जेम्स ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है। वह नेशनल बॉस्केटबॉल एसोसिएशन (एनबीए) इतिहास में ट्रिपल-डबल दर्ज करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। जेम्स ने गुरुवार रात लॉस एंजेलिस लेकर्स की ओर से डलास मावेरिक्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में यह उपलब्धि हासिल की। लेकर्स ने यह मैच 124-104 से जीता। 41 वर्ष और 44 दिन की उम्र में जेम्स ने 28 अंक, 12 असिस्ट और 10 रिबाउंड के साथ अपना 123वां करियर ट्रिपल-डबल पूरा किया। चौथे क्वार्टर में 2:06 मिनट शेष रहते उन्होंने अपना 10वां रिबाउंड लिया और इसके तुरंत बाद जब वह कोर्ट से बाहर गए तो दर्शकों ने खड़े होकर उनका स्वागत किया। एनबीए इतिहास में यह उनका पांचवां सबसे अधिक ट्रिपल-डबल है। इससे पहले यह रिकॉर्ड कार्ल मेलोन के नाम था, जिन्होंने 40 वर्ष और 127 दिन की उम्र में लेकर्स के लिए ट्रिपल-डबल दर्ज किया था। मेलोन ने 28 नवंबर 2003 को अपने अंतिम एनबीए सीजन के दौरान 10 अंक, 11 रिबाउंड और 10 असिस्ट के साथ यह उपलब्धि हासिल की थी। गौरतलब है कि एनबीए के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर जेम्स ने पिछला ट्रिपल-डबल 1 फरवरी 2025 को न्यूयॉर्क में दर्ज किया था। वही दिन लेकर्स इतिहास में उस बड़ी ट्रेड डील के लिए भी याद किया जाता है, जिसमें लुका डोंसिक टीम में शामिल हुए थे और एंथनी डेविस दूसरी ओर गए थे।

# आईटी सेक्टर में लगातार तीसरे दिन भारी गिरावट, एआई की वजह से घबराए निवेशक

नई दिल्ली। आईटी सेक्टर के शेयरों में कोहराम की स्थिति बन जाने के कारण घरेलू शेयर बाजार में आज लगातार तीसरे दिन गिरावट का रुख बना हुआ है। आज आईटी सेक्टर की कंपनियों, खासकर टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), टेक महिंद्रा, इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजी और विप्रो के शेयर दिन के पहले सत्र के कारोबार में आठ प्रतिशत तक की गिरावट का शिकार हो गए। हालांकि, बाद में खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर इन कंपनियों की स्थिति में मामूली सुधार भी हुआ। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़ी चिताओं की वजह से आईटी सेक्टर के शेयर आज बाजार खुलते ही गिरावट का शिकार हो गए। निफ्टी का आईटी इंडेक्स शुरूआती कारोबार में पांच प्रतिशत तक फिसल गया। इसके पहले कल यानी गुरुवार को भी आईटी इंडेक्स 5.51 प्रतिशत की गिरावट का शिकार होकर बंद हुआ था। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के खतरों की आशंका के कारण साल 2026 में अभी तक आईटी इंडेक्स में 17.5 प्रतिशत तक की गिरावट आ चुकी है। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कारण आईटी सेक्टर में चिंता का माहौल बना हुआ है, जिसकी वजह से दुनिया भर के शेयर बाजारों में आईटी सेक्टर की कंपनियों के शेयर धराशाई हो गए हैं। निवेशकों को इस बात की आशंका है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की वजह से आईटी सेक्टर की कंपनियों के बिजनेस मॉडल को नुकसान पहुंच सकता है।

# सर्राफा बाजार में चांदी की बढ़ी चमक सोने के भाव में गिरावट का रुख

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में लगातार दो दिन की तेजी के बाद आज कमजोरी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 1,120 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,220 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। दूसरी ओर, चांदी के भाव में आज 5,200 रुपये प्रति किलोग्राम की मजबूती नजर आ रही है। सोने के भाव में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में शुरुआती कारोबार के दौरान 24 कैरेट सोना आज 1,58,390 रुपये से लेकर 1,58,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,45,190 रुपये से लेकर 1,45,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। जबकि चांदी के भाव में उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार में 2,95,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,58,540 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,45,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,58,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,45,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,58,440 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,45,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,58,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,45,190 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,58,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,45,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,58,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,45,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,58,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,45,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,58,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,45,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# महाशिवरात्रि के पूर्व मंदिरों के महंत व सामाजिक प्रतिनिधियों संग अफसरों ने की बैठक

**पर्व पर उमड़ने वाली भीड़ की सुरक्षा और सुगम दर्शन के लिए बनी प्रभावी रणनीति**

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। महाशिवरात्रि पर्व पर श्री काशी विश्वनाथ सहित प्रमुख शिवालयों, देवी मंदिरों में उमड़ने वाली लाखों की भीड़ की सुरक्षा और सुगम दर्शन को लेकर शुक्रवार को दशाश्वमेध थाने में अफसरों ने मंदिरों के महंतों और प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में महापर्व पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने, शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर प्रभावी रणनीति तैयार की गई। बैठक में दशाश्वमेध थाना प्रभारी ने क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों, मंदिर समिति के सदस्यों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया। उन्होंने पर्व के दौरान संभावित भीड़ को किस प्रकार सुव्यवस्थित रखा जाए तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से प्रभावी ढंग से निपटा जाए, इसको लेकर सुझाव भी मांगा। थाना प्रभारी ने अपील किया कि मंदिर प्रबंधन और सामाजिक कार्यकर्ता श्रद्धालुओं के सहयोग में आगे आएं और विशेष रूप से असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखें। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन प्रमुख स्थानों पर विशेष सुरक्षा प्वाइंट स्थापित कर रहा है। जहां से संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। साथ ही, मंदिर परिसर एवं आसपास के प्रमुख मार्गों और दुकानों पर जागरूकता संबंधी संकेतक एवं सूचनाएं भी लगाए जाएंगे, ताकि श्रद्धालु स्वयं भी अपने सामान की सुरक्षा के प्रति सतर्क रह सकें। बैठक में शामिल रहे शक्तिपीठ विशालाक्षी मंदिर के महंत राजनाथ तिवारी ने बताया कि 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। मंदिर समिति पुलिस और प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करेगी । मंदिर के मुख्य द्वार से लेकर गर्भगृह तक स्वयंसेवकों की टीम तैनात रहेगी। महंत ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे पूजा-अर्चना के दौरान संयम एवं अनुशासन बनाए रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। थाना प्रभारी संतोष सिंह के अनुसार महाशिवरात्रि पर्व पर पुलिस-प्रशासन मुस्तैद रहेगा। उद्देश्य यही है कि श्रद्धालु निर्भय होकर बाबा के दर्शन कर सकें और काशी में यह पर्व शांतिपूर्ण एवं भव्य रूप से सम्पन्न हो।

## पुलिस ने माफिया अनुपम दुबे के भाइयों समेत 6 को गैंगेस्टर में किया न्यायालय में पेश

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश के जनपद फर्रुखाबाद के माफिया अनुपम दुबे के भाई डब्बन, एवं बब्बन सहित 6 अपराधियों को पुलिस ने अपर जिला सत्र न्यायालय में पेश किया। इस दौरान कचहरी में भारी पुलिस बल तैनात रहा। ठेकेदार शमीम व इंस्पेक्टर रामनिवास यादव हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा काट रहे फतेहगढ़ के मोहल्ला कसरट्टा निवासी अनुपम दुबे की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। मऊदरवाजा थाना पुलिस ने उनके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत नई प्राथमिकी दर्ज की है। इस मामले में माफिया अनुपम दुबे के अलावा उनके भाई व मोहम्मदाबाद ब्लॉक प्रमुख अमित दुबे उर्फ बब्बन, अनुराग दुबे उर्फ डब्बन, किलमापुर (मोहम्मदाबाद) निवासी धर्मेंद्र चतुर्वेदी, मैनपुरी के बिछवां निवासी आदेश सिंह, बेवर निवासी विनीत दुबे तथा शहर के मोहल्ला अल्लागंज बढ़पुर निवासी महेंद्र कटियार को नामजद किया है। पुलिस ने गुरुवार दोपहर त्वरित कार्रवाई करते हुए कई आरोपियों को दबोच लिया। अमित दुबे उर्फ बब्बन को डीआईओएस कार्यालय के बाहर से, अनुराग दुबे उर्फ डब्बन को उनके आवास से तथा धर्मेंद्र चतुर्वेदी को किलमापुर से गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त विनीत दुबे और महेंद्र कटियार को भी अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया। औपचारिकताएं पूरी करने के बाद आज न्यायालय में पेश किया गया। बताया जा रहा है कि व्यापारी नेता मोहन अग्रवाल द्वारा डॉ. अनुपम दुबे सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने माफिया पर कार्यवाही शुरू की थी। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में कार्यवाही की गई हैं।

# दूध में नशीली दवा से बेहोश कर झाड़ियों में छिपाया, ट्रैफिकिंग गिरोह के कब्जे से दो साल के बच्चे को कराया मुक्त



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। रेलवे स्टेशन की सीढ़ियों के नीचे सो रहे दो वर्षीय मासूम के अपहरण के महज कुछ घंटों के भीतर ही सुरक्षाबलों ने तत्परता दिखाते हुए उसे सकुशल मुक्त करा लिया। पं. दीन दयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन (मुगलसराय) पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) और गैर-सरकारी संस्था एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन (एवीए) के संयुक्त अभियान में संगठित ट्रैफिकिंग गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें एक महिला भी शामिल है, जबकि कुल छह आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपियों ने तड़के करीब पांच बजे स्टेशन की सीढ़ियों पर सो रहे परिवार के दो वर्षीय बच्चे का अपहरण कर लिया। ट्रेन आने तक बच्चे को झाड़ियों में छिपाकर रखा गया। बच्चे के रोने से किसी को शक न हो, इसके लिए उसे दूध में 'अल्प्रासेन' नामक नशीली दवा मिलाकर पिलाई गई। यह दवा सामान्यतः वयस्कों में अवसाद संबंधी समस्याओं के उपचार में दी जाती है और बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। सुबह करीब साढ़े दस बजे आरपीएफ, जीआरपी और एवीए की टीम ने संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर चारों आरोपियों को रोका और पूछताछ की। प्रारंभिक टालमटोल के बाद आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया। उन्होंने बताया कि वे बच्चे को बिहार के मुजफ्फरपुर ले जाकर एक नर्सिंग होम में बेचने की फिराक में थे। पूछताछ में यह भी सामने आया कि गिरोह अब तक आठ बच्चों को 20 हजार रुपये या उससे अधिक रकम में बेच चुका है। आरोपियों के कब्जे से डायपर, ऊनी टोपी, दूध की बोतल, नए कपड़े, दूध के पैकेट तथा नशीली दवा बरामद की गई। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर बच्चे को बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया। रोहतास (बिहार) निवासी माता-पिता ने बच्चे की तत्काल पहचान की। आगे की वैधानिक कार्रवाई के तहत बच्चे को चंदौली जिले की बाल कल्याण समिति को सुपुर्द किया गया है। जीआरपी ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है। एवीए के वरिष्ठ निदेशक मनीष शर्मा ने बताया कि बच्चों की ट्रैफिकिंग एक जटिल और संगठित अंतरराज्यीय अपराध है, जिसमें विभिन्न गिरोह अपहरण से लेकर गंतव्य तक पहुंचाने तक की कड़ियों में सक्रिय रहते हैं। इन बच्चों को वेश्यालयों में बेचा जाना, जबरन विवाह, अवैध गोद लेने, अंगों के अवैध व्यापार और अन्य अमानवीय गतिविधियों में धकेले जाने का खतरा रहता है।

# महाशिवरात्रि पर्व : मलेशिया के मंदिरों से श्री काशी विश्वनाथ दरबार में आया उपहार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। महाशिवरात्रि पर्व पर इस बार श्री काशी विश्वनाथ के विवाहोत्सव में देश-विदेश के प्रमुख तीर्थस्थलों एवं मंदिरों से पावन भेंट एवं श्रद्धा-उपहार लगातार आ रहा है। शुक्रवार को मलेशिया के मंदिरों से भी श्री काशी विश्वनाथ धाम में पावन भेंट एवं श्रद्धा-उपहार आया। मलेशिया उच्चायुक्त कार्यालय की प्रतिनिधि शमिला पेरूगन यह उपहार लेकर श्री काशी विश्वनाथ धाम में पहुंची। उन्होंने यह उपहार भगवान श्री विश्वेश्वर महादेव के श्रीचरणों में सौंपा। यह जानकारी श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास की ओर से दी गई। न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के नवाचार अंतर्गत मलेशिया के मंदिरों से भगवान श्री काशी विश्वनाथ महादेव को श्रद्धा-समर्पण आया है। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने एक विशिष्ट आध्यात्मिक पहल प्रारंभ किया है। इस नवाचार के अंतर्गत भगवान श्री विश्वेश्वर महादेव के श्रीचरणों में देश-विदेश के प्रमुख तीर्थस्थलों एवं मंदिरों से पावन भेंट एवं श्रद्धा-उपहार अर्पित किए जाने की परंपरा स्थापित की जा रही है। उन्होंने बताया कि मलेशिया स्थित मंदिरों द्वारा प्रेषित उपहारों में पूजन-सामग्री एवं अन्य पावन वस्तुएं सम्मिलित है। जिन्हें मंदिर न्यास द्वारा विधिवत एवं श्रद्धापूर्वक स्वीकार किया गया। महापर्व अंतर राष्ट्रीय स्तर पर सनातन धर्म के प्रति अटूट आस्था, भक्ति और सांस्कृतिक एकात्मता का सशक्त प्रतीक बन गया है।

## उत्तर मध्य रेलवे : समय से पहले हासिल किया वार्षिक स्क्रैप निस्तारण लक्ष्य

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे ने स्क्रैप सामग्री की बिक्री के माध्यम से कुल 276.43 करोड़ का राजस्व अर्जित किया है। यह उपलब्धि वित्तीय वर्ष की समाप्ति से लगभग डेढ़ माह पहले प्राप्त की गई है, जिससे रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित ?275 करोड़ के वार्षिक लक्ष्य को पीछे छोड़ दिया है। राजस्व अर्जन के ये आंकड़े पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 की इसी अवधि 12 फरवरी 2025 तक हुई ?229.26 करोड़ की बिक्री की तुलना में 20.57 प्रतिशत अधिक है। यह जानकारी वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय ने शुक्रवार को देते हुए बताया कि उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह के नेतृत्व और प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक शशि प्रकाश द्विवेदी के मार्गदर्शन में एनसीआर ने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्क्रैप निस्तारण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
मेजर के किशोर
हरीशंकर शुक्ल पीपीएस (रि)

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**कार्यकारी संपादक**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
मनोज कुमार शुक्ला

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


# अजीतमल में शिव महापुराण कथा : कथा वाचक ने सुनाया सती के जन्म प्रसंग

**जीतमल तहसील के जलूपुर में पावनी शिव महापुराण कथा का दिव्य आयोजन**

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



औरैया। उत्तर प्रदेश के जनपद औरैया, के अजीतमल तहसील क्षेत्र के ग्राम जलूपुर में पावन शिव महापुराण कथा का भव्य एवं दिव्य आयोजन हो रहा है। आज चौथे दिन पूज्य आचार्य रामसेवक तिवारी जी महाराज ने अपने मुखारविंद से अमृतमयी कथा का सुंदर एवं भावपूर्ण निरूपण किया। कथा श्रवण हेतु क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में भक्ति एवं आध्यात्मिकता की सरिता प्रवाहित होती रही। महाराज श्री ने कथा के दौरान माता सती के जन्म प्रसंग का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार प्रजापिता दक्ष ने माता सती को पुत्री रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की। तप से प्रसन्न होकर माता सती ने उन्हें दर्शन दिए और वरदान देते हुए कहा कि वे उनके यहां पुत्री रूप में अवश्य जन्म लेंगी, परंतु जिस दिन उनका अपमान होगा, उसी दिन वे पृथ्वी लोक का त्याग कर अपने धाम को प्रस्थान करेंगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उनका पृथ्वी से जाना ही दक्ष की मृत्यु का कारण बनेगा। आचार्य श्री ने आगे वर्णन किया कि किस प्रकार माता सती ने पुनः हिमाचल के यहां जन्म लेकर घोर तपस्या की और भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त किया। इस प्रसंग का वर्णन इतना भावपूर्ण था कि श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा के मध्य प्रस्तुत किए गए मधुर भजनों ने वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया । इस अवसर पर ग्राम एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें रिंकू कश्यप, अल्लन दुकानदार, बदन दिवाकर, केशव प्रसाद, शंकर, हल्लू, मट्टू, विनोद पाल, लल्लू पाल, आशीष, शीलू पाल एवं मनोज तोमर प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# एएमयू में भारतीय लोक साहित्य पर राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के आधुनिक भारतीय भाषा विभाग के मराठी अनुभाग द्वारा ल्लभारतीय लोक साहित्य के सामाजिक-सांस्कृतिक आयामङ्क विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 11-12 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की पूर्व संध्या पर किया गया। समापन सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए सहकुलपति प्रो. मोहम्मद मोहसिन खान ने भारतीय लोक साहित्य को देश के विभिन्न क्षेत्रों के आमजन की आत्मा को प्रतिबिंबित करने वाली सजीव सांस्कृतिक धरोहर बताया। उन्होंने तीव्र आधुनिकीकरण के दौर में सांस्कृतिक पहचान की रक्षा हेतु मौखिक परंपराओं के व्यवस्थित संकलन, संरक्षण और डिजिटलीकरण की आवश्यकता पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि प्रो. विभा शर्मा ने कहा कि लोक साहित्य जीवंत संस्कृति का दर्पण है, जो नैतिक मूल्यों, सामूहिक स्मृतियों और सामाजिक चेतना का संवाहक है। उन्होंने ब्रज और हाथरस की रास परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका नौटंकी से गहरा संबंध है, जो लोक प्रदर्शन पर आधारित एक विकसित रंगमंचीय अभिव्यक्ति है। संगोष्ठी निदेशक डॉ. ताहिर एच. पठान ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए लोक साहित्य की सरलता, संप्रेषणीयता और भावनात्मक गहराई को उसकी स्थायी प्रासंगिकता का आधार बताया। सत्र की अध्यक्षता करते हुए कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. टी. एन. सतीशन ने सामाजिक इतिहास, सांस्कृतिक मूल्यों और स्थानीय ज्ञान परंपराओं के संरक्षण में लोक परंपराओं की भूमिका को रेखांकित किया तथा वैश्वीकरण से उत्पन्न चुनौतियों के प्रति आगाह किया।

## महाशिवरात्रि :श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने श्री सिद्धि विनायक मंदिर को भगवान श्री विश्वेश्वर की ओर से भेजा प्रति-उपहार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने शुक्रवार को एक विशेष आध्यात्मिक नवाचार शुरू किया। इस पहल के तहत भगवान श्री विश्वेश्वर महादेव के लिए देश के प्रमुख तीर्थस्थलों से पावन भेंट एवं पूजनीय उपहार अर्पित किए जाने की परंपरा प्रारंभ की गई है, जिससे विभिन्न धामों के मध्य आध्यात्मिक एकात्मता को सुदृढ़ किया जा सके। इसी क्रम में मुंबई स्थित श्री सिद्धिविनायक मंदिर को भगवान श्री विश्वेश्वर की ओर से प्रति-उपहार भेजा गया। इसके पहले 11 फरवरी को सिद्धिविनायक मंदिर ने भगवान श्री विश्वेश्वर के लिए फल, पुष्प एवं अन्य पूजनीय सामग्री श्रद्धापूर्वक श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचाया था। मंदिर के प्रतिनिधि डॉ. संदीप राठौर (डिप्टी सीईओ), डॉ. मधुसूदन शुक्ल (अध्यक्ष, ट्रस्टी प्रोटोकॉल), डॉ. प्रशांत मनेरिकर (पुजारी) एवं डॉ. शिवम् मिश्र खुद यह भेंट लेकर श्री काशी विश्वनाथ धाम में आए थे। मंदिर के प्रतिनिधियों ने दरबार में विधिवत रूप से मंदिर न्यास को उपहार भेंट किया । जिसे समारोहपूर्वक सादर स्वीकार किया गया। इसी आध्यात्मिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए भगवान श्री विश्वेश्वर महादेव की ओर से श्री सिद्धि विनायक मंदिर, मुंबई के लिए प्रति-उपहार श्रद्धाभावपूर्वक प्रेषित किया गया। यह जानकारी काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने दी। यह अभिनव पहल सनातन धर्म की उस शाश्वत परंपरा का सजीव प्रतीक है, जिसमें भगवान शिव एवं भगवान श्री गणेश के पिताऽपुत्र संबंध की दिव्य भावना निहित है। भगवान शिव को संपूर्ण सृष्टि के आदि-देव एवं संहारकर्ता के रूप में पूजा जाता है, वहीं भगवान श्री गणेश को विघ्नहर्ता, बुद्धि एवं सिद्धि के अधिष्ठाता देव के रूप में प्रथम पूज्य माना गया है। पिता शिव की करुणा और पुत्र गणेश की मंगलमूर्ति स्वरूपता, सनातन परंपरा में ज्ञान, शक्ति और कल्याण के अद्वैत संबंध को अभिव्यक्त करती है। किसी भी मांगलिक कार्य के आरंभ में श्री गणेश की पूजा तथा शिव आराधना का विशेष महत्व इसी आध्यात्मिक एकता को दर्शाता है।

# महाशिवरात्रि स्नान पर्व सकुशल संपन्न कराने को पुख्ता इंतजाम, आवागमन प्रतिबंधित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज। विश्व प्रसिद्ध माघ मेला प्रयागराज के अंतिम महत्वपूर्ण स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने को लेकर पुख्ता इंतजाम किया गया है। श्रद्धालुओं के आगमन एवं पार्किंग को लेकर तैयारी कर ली गई है। यह जानकारी शुक्रवार को माघ मेला पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार पांडेय ने दी।

उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि स्नान पर्व 15 फरवरी को माघ मेला क्षेत्र में भारी संख्या में स्नानार्थियों एवं श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए सुगम यातायात व्यवस्था के क्रम में माघ मेला क्षेत्र में आने एवं प्रस्थान करने और वाहन खड़ा करने के लिए स्थान निर्धारित किया गया है। श्रद्धालुओं से अपील है कि वाहन पार्किंग में खड़ा करें। काली मार्ग द्वारा आने वाले श्रद्धालु अपने हल्के वाहनों को काली सड़क पर बने पार्किंग स्थल क्रमशः हेलीपैड पार्किंग व किसान यूनियन पार्किंग स्थल मे पार्क करने के उपरान्त पैदल काली मार्ग द्वारा अपर संगम मार्ग से संगम स्नान घाट, हनुमान घाट व रामघाट पर स्नान हेतु जा सकेंगे, स्नान के उपरांत श्रद्धालुगण अक्षयवट मार्ग खड़जा वापसी मार्ग होकर त्रिवेणी वापसी मार्ग से सम्बन्धित पार्किंग में पहुँचकर अपने वाहनों द्वारा गंतव्य को वापस जा सकेंगे। जवाहर लाल नेहरु मार्ग, एमजी मार्ग व बैरहना मार्ग की तरफ से आने वाले श्रद्धालु अपने भारी वाहनों को प्लाट नंबर 17 पार्किंग स्थल में पार्क कर पैदल काली मार्ग द्वारा अपर संगम मार्ग से संगम स्नान घाट, हनुमान घाट व रामघाट पर जा सकेंगे। स्नान के उपरांत श्रद्धालुगण अक्षयवट मार्ग एवं खड़जा वापसी मार्ग होकर त्रिवेणी वापसी मार्ग से सम्बन्धित पार्किंग में पहुँचकर अपने वाहनों से गंतव्य को वापस जा सकेंगे। श्रद्धालु अपने वाहनों को पार्क कर पैदल काली-02 मार्ग से मोरी रैम्प, किलाघाट मार्ग पहुँचकर काली उत्तरी घाट, मोरी घाट, शिवाला घाट व दशश्वामेध घाट जा सकेंगे। इसके उपरांत श्रद्धालु गंगामूर्ति चौराहा से ओल्ड जी.टी. रोड थाना दारागंज के सामने से अथवा रिवरफ्रण्ट मार्ग द्वारा सम्बन्धित पार्किंग में पहुँचकर अपने वाहनों से गंतव्य को वापस जा सकेंगे। फाफामऊ मार्ग एवं शहर क्षेत्र से स्नान हेतु आने वाले श्रद्धालु अपने वाहनों को नागवासुकि पार्किंग स्थल में पार्क कर पैदल सम्बन्धित मार्ग से नागवासुकि स्नान घाट पर जा सकेंगे। स्नान के बाद श्रद्धालु सम्बन्धित मार्गों व रिवर फ्रण्ट मार्ग से पार्किंग में पहुँचकर अपने वाहनों से गंतव्य को वापस जा सकेंगे। त्रिवेणी मार्ग स्थित परम पूज्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती आश्रम के पास स्थित पार्किंग-श्रद्धालु अपने हल्के वाहनों को ओल्ड जीटी मार्ग से संगम लोवर मार्ग होते हुए त्रिवेणी संगम लोवर मार्ग से दाहिने मुड़कर एवं टीकरमाफी त्रिवेणी मार्ग में वाहनों को पार्क करेंगे और श्रद्धालु पैदल ऐरावत स्नानघाट पांटून पुल नंम्बर 2 से पैदल संगम क्षेत्र में स्थित स्नानघाटों (महावीर घाट एवं रामघाट आदि) पर स्नान कर सकेगें। स्नान करने के उपरांत श्रद्धालुगण पांटून पुल नंम्बर 1 अथवा 3 द्वारा पैदल पार्किंग स्थल में पहुँचकर अपने वाहनों से काली सड़क मार्ग से संगम लोवर मार्ग से बाएँ मुड़कर ओल्ड जी.टी. मार्ग से अपने गंतव्य को वापस जा सकेंगे। श्रद्धालु अपने हल्के वाहन मोटरसाईकिल वाहनों को जी.टी. रोड, टीकरमाफी से त्रिवेणी मार्ग द्वारा संगम लोवर मार्ग से बाएँ मुड़कर संगम लोवर-जगदीश मार्ग से दाहिने मुड़कर सतुआ बाबा आश्रम पार्किंग स्थल मे पहुँच कर अपने वाहनों को पार्क कर सकेगें। श्रद्धालुगण पैदल ऐरावत स्नानघाट पर जा सकेंगे। स्नान करने के उपरांत श्रद्धालु पैदल महावीर मार्ग द्वारा सतुआ बाबा स्थित पार्किंग स्थल समुद्र कूप रोड से अण्डर बाई पास पार कर जीटी मार्ग द्वारा अपने गनतव्य को जा सकेगें। टीकरमाफी महुआबाग पार्किंग से श्रद्धालु अपने बड़े वाहनों को महुआबाग पार्किंग में पार्क कर पैदल टीकरमाफी से त्रिवेणी मार्ग द्वारा ऐरावत स्नानघाट पर जा सकेंगे। स्नान करने के बाद श्रद्धालुगण पैदल महाबीर मार्ग द्वारा समुद्र कूप रोड से अपने वाहनों से गंतव्य को वापस जा सकेंगे। अरैल क्षेत्र - देवरख कछार पार्किंग से- श्रद्धालु अपने वाहनों को पार्क कर पैदल सोमेश्वर महादेव रैम्प मार्ग से सोमेश्वर महादेव स्नान घाट पर जा सकेंगे। इसके उपरांत श्रद्धालुगण उसी मार्ग से देवरख कछार पार्किंग अथवा सम्बन्धित पार्किंग में पहुँचकर अपने वाहनों से गंतव्य को वापस जा सकेंगे।